वर्ष: 3 | अंक: 07
जयपुर, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080
पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

मोदी ने थामा हाथ...



मैं ईश्वर को साक्षी...





फोटो: पंकज शर्मा व राजेश कुमावत

### हर वर्ग को 'भजन सरकार' से उम्मीद

## प्रजासुखे सुखं राज्ञः...

विनायक शर्मा

भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनते ही राजस्थान के आम आदमी में वही विश्वास जगा है, जो किसी अपने को सत्तारूढ़ होने पर जगता है। प्रदेश के छोटे से गांव का साफा-धोती पहनने वाला किसान हो या छेनी-हथौड़ी-रंदे से काम करने वाला कारीगर। हर वह शख्स जो मरुधरा की जमीन से जुड़ा है, वह शर्मा को अपने साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाला, अपनी जमीन से जुड़ा मानता है। यही वजह है कि शुक्रवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में सूटेड-बूटेड लोगों से ज्यादा ग्रामीण परिवेश नजर आया। ये ग्रामीण जहां बाली-पिंडवाड़ा-आबूरोड के आसपास के आदिवासी थे, वहीं अपनी फसल की रखवाली छोड़कर आए किसान थे। इतना ही नहीं, ओढणी, कांचळी, कुर्ती, लुगड़ी पहनी हुई ग्रामीण महिलाएं भी उत्साहित नजर आईं मानो उनका भाई, बेटा या परिवार का कोई अपना प्रदेश का मुखिया बना है। युवाओं, खासकर छात्राओं की आंखों में भी नई सरकार से आस देखी गई। तो, भाजपा के शहरी कोर वोटर भी पूरी उमंग में दिखे। लब्बोलुआब यह कि समारोह के दौरान हर किसान, हर कारीगर-दस्तकार, हर महिला, हर छात्र-छात्रा और हर शहरी का प्रतिनिधित्व करते और उम्मीद की किरण बने नजर आए भजनलाल शर्मा। जहां हर मेहनतकश किसान यह आशा है कि उसका जो कर्ज माफ होने से रह गया, वह माफ होगा। उसे खाद-बीज में रियायत मिलेगी। चूंकि उन्हें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कहा था कि कॉमर्शियल बैंकों के कर्ज तो केंद्र के आदेश से ही माफ हो सकते हैं। अब किसान मानने लगा है कि डबल इंजन वाली सरकार बनने से यह बाधा दूर होगी। जहां तक महिलाओं और छात्राओं का सवाल है, तो बता दें इस बार राजस्थान में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी को जमकर वोट दिए हैं। इसकी बड़ी वजह यह रही कि भाजपा ने प्रदेश में महिला अत्याचार बढ़ने को लेकर आक्रामक रुख अपनाया। इस मुद्दे ने महिलाओं में गुस्सा पैदा किया, जिसका इजहार ईवीएम के जरिया कांग्रेस के खिलाफ हुआ। इसके अलावा महिलाओं को 450 रुपए के रसोई गैस सिलेंडर, गहलोत सरकार की हर महिला को मोबाइल और 10 हजार रुपए सालाना सम्मान राशि देने घोषणा भी नई सरकार के जरिए पूरी होने की उम्मीद है। छात्र-छात्राओं और कोचिंग स्टूडेंट्स की बात करें तो ये पेपरलीक के मामलों का पटाक्षेप चाहते हैं। इसके लिए भाजपा वादा भी कर चुकी है। इनके साथ ही शहरी वोटर, खासकर राजधानी जयपुर और दूदू के लोगों की जो भीड़ शपथ ग्रहण समारोह में उमड़ी उनके लबों पर अपनी समस्याओं के समाधान की बात थी। हाल ही में गोगामेड़ी हत्याकांड जैसी सनसनीखेज घटना को झेल चुका शहर अपराधों पर लगाम चाहता है। इन उम्मीदों पर खरा उतरने के साथ ही नए मुख्यमंत्री के सामने राजनीतिक चुनौती के रूप में करणपुर का चुनाव है, फिर लोकसभा चुनाव की बड़ी चुनौती है। जाहिर है, आम आदमी की हर उम्मीद उनके सामने खड़ी लोकसभा चुनाव की चुनौती से किसी न किसी रूप में जुड़ी है, यानी नई सरकार की परफोरमेंस पर बहुत कुछ निर्भर है।

और, इसके लिए वे कौटिल्य अर्थशास्त्र में राजा के लिए प्रतिपादित इस सिद्धांत पर चल सकते हैं...

**प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां तु हिते हितम् ।**
**नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितम् ॥**

अर्थात् प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है, उनके कल्याण में ही राजा का कल्याण है, उसे वह नहीं करना चाहिए, जो वह चाहता है, बल्कि वह करे जो उसके लोगों के लिए सही हो।

### भजनलाल शर्मा ने ली 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ

# अब जन-जन के भजन

**राज्यपाल ने मुख्यमंत्री व दोनों डिप्टी सीएम को दिलाई शपथ**

**शपथ के बाद CM का बयान: मैं भावुक और नतमस्तक हूं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का संकल्प सर्वोपरि**

**सीएमओ में मुख्यमंत्री शर्मा ने किया कार्यभार ग्रहण, दोनों डिप्टी सीएम इस अवसर पर रहे मौजूद**

बेधड़क | जयपुर

भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इससे पहले मुख्य सचिव उषा शर्मा ने मुख्यमंत्री व दोनों उपमुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाए जाने के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र को आमंत्रित किया। शपथ के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंच पर मौजूद पीएम नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया। इस पर पीएम मोदी ने शुभकामना देते हुए उनकी पीठ थपथपाई। इसके बाद दोनों डिप्टी सीएम दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को भी शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद भजनलाल शर्मा ने सचिवालय पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं भावुक और नतमस्तक हूं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का संकल्प सर्वोपरि है। राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ, समृद्ध, और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।





### वसुंधरा राजे ने सिर पर हाथ रखकर दिया आशीर्वाद

शपथ के बाद सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा सचिवालय पहुंचे। सीएम के साथ सचिवालय में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत कई केंद्रीय मंत्री भी पहुंचे। सचिवालय पहुंचने पर सीएम भजनलाल शर्मा को विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। पदभार ग्रहण करने के बाद भजनलाल ने वसुंधरा राजे को मिठाई खिलाई, वहीं वसुंधरा ने भजनलाल के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।





### केंद्रीय मंत्री सहित कई राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम रहे मौजूद

शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, हरदीप सिंह पुरी, अनुराग ठाकुर, अर्जुनराम मेघवाल, नित्यानंद राय, एसपी सिंह बघेल, मनसुख मांडविया मौजूद रहे।
**मुख्यमंत्री :** गुजरात के भूपेंद्रभाई पटेल, मध्यप्रदेश के मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, गोवा के प्रमोद सांवत, त्रिपुरा के माणिक साहा और मणिपुर के एन बीरेन सिंह शामिल रहे। **डिप्टी सीएम :** उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्या, अरुणाचल प्रदेश के चौना मीन और नगालैंड के यानथुंगो मौजूद रहे।

### इस बातचीत के मायने...

मंच पर मौजूद अशोक गहलोत और गजेंद्र सिंह शेखावत का आपस में बातचीत के दौरान खिलखिलाकर हंसना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। इसी दौरान पास में बैठी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गहलोत को कुछ कहा। इस पर तीनों हंस दिए। इस बातचीत के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।



एक मंच पर राजनीति के दिग्गज...

### बनाए गए तीन मंच... साधु संत के लिए भी बनाया मंच

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य मंच अलावा दो अलग मंच भी बनाए गए। मुख्य मंच के दाहिने ओर साधु संतों के लिए मंच बनाया गया। इसमें प्रसिद्ध देवालयों, मठों व प्रमुख आश्रमों के महामंडेश्वर मौजूद रहे। मंच के बांई ओर विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय मंत्रियों को जगह दी गई। मंच के ठीक सामने विधायकों के लिए रिजर्व रही।

### ये बने प्रदेश के डिप्टी सीएम, ली शपथ





### शपथ लेने के साथ ही एक्शन में सीएम भजनलाल

# पेपर लीक और क्राइम कंट्रोल के लिए SIT होगी गठित

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही एक्शन मोड में आ गए। सचिवालय में शुक्रवार रात प्रेस वार्ता बुलाई तथा अपनी सरकार की आगामी रणनीति को लेकर बताया। सीएम भजनलाल शर्मा ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में आए विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व केंद्रीय मंत्रियों का भी आभार जताया। सीएम ने सबसे पहले पीएम की अंत्योदय योजना को लेकर कहा कि प्रदेश में उनका पूरा प्रयास रहेगा कि अंत्योदय योजना का लाभ अंतिम छोर पर खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह से यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश में कोई भी पात्र इस योजना से न छूटे, इसकी मॉनिटरिंग के लिए एक अलग से टीम का गठन किया जाएगा। डेली मॉनिटरिंग कर योजना में रही खामियों को शीघ्र दूर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक व आपराधिक मामलों की रोकथाम के लिए एसआईटी के गठन की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके गठन की प्रक्रिया आज से ही आंरभ कर दी गई है। प्रदेश के युवाओं को अपराधिक मामलों से दूर रखने के लिए पृथक टीम का गठन किया जाएगा।



### महिला सुरक्षा को देंगे प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में महिला व बेटियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता कदम उठाए जाएंगे। आपराधिक प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए एंटी टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। हमारी सरकार इनकी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी। भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारी या उनकी टीम की जवाबदेही तय की जाएगी।

### प्रदेश में डबल इंजन की सरकार देगी विकास को गति

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार तमाम विकास कार्यों को गति देगी। केंद्र सरकार के साथ मिलकर योजनाओं को मूर्त रूप देंगे। खामियां दूर करेंगे। प्रदेश के बड़े प्रोजेक्ट शीघ्र ही कार्य योजना में लाए जाएंगे। सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जनता जिन समस्याओं को लेकर सबसे ज्यादा त्रस्त रही, उनके निदान के लिए हम बड़े कदम उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को लाभ देने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं को युद्ध स्तर पर लागू किया जाएगा। हालांकि सीएम इस दौरान पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को लेकर कुछ भी बोलने से परहेज किया।



### माता-पिता का लिया आशीर्वाद

सीएम भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को जन्मदिन भी था। उनके परिजनों ने बर्थ डे सेलिब्रेट भी किया। भजनलाल पहले सीएम हैं, जिन्होंने अपने जन्मदिन पर शपथ ली है। उन्होंने अपने माता-पिता के पैर धोकर उनका आशीर्वाद भी लिया।

### सीएम के पिता की तबीयत बिगड़ी

सीएम भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा की देर रात तबीयत बिगड़ गई। उन्हें एसएमएस अस्पताल में ले जाया गया। सूचना मिलने पर सीएम अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

## जरूरी खबर

### कोर्ट कन्हैयालाल हत्याकांड में आज सुनाएगी फैसला



**बेधड़क, जयपुर।** पिछले साल हुए कन्हैयालाल के चर्चित हत्याकांड को लेकर शनिवार को एनआईए अदालत में जज रविन्द्र कुमार द्वितीय चार्ज आदेश सुनाएंगे। गौरतलब है कि जून 2022 में मोहम्मद रियाज अटारी और गौस मोहम्मद ने टेलर कन्हैया लाल की दुकान में घुसकर चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी थी। इस मामले में कोर्ट में दो पाकिस्तानियों सहित 11 लोगों को लेकर 22 दिसंबर को चालान पेश हुआ था। मामले में अभियुक्त रियाज जब्बार, मोहम्मद गौस, रियाज अत्तारी, फरहाद शेख, आसिफ, मोहसिन, वसीम अली, मो. जावेद व मुस्लिम खान जेल में हैं।

### पेंशनर्स को 31 दिसंबर तक कराना होगा सत्यापन

**बेधड़क, जयपुर।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में पेंशनर्स के जीवित होने की पुष्टि के लिए प्रतिवर्ष साल के अंत में किया जाने वाला वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 दिसंबर तक होगा। लाभार्थी भौतिक सत्यापन के लिए स्वंय राज एसएसपी पोर्टल फेस रिकॉग्निशन मोबाईल एप एवं आधार एक्सेस आरडी एप डाउनलोड कर सत्यापन कर सकते हैं। इसके अलावा ई-मित्र पर जाकर बायोमेट्रिक अथवा आईरिस स्कैन से भी सत्यापन करवाया जा सकता है। किसी कारण से बायोमैट्रिक या आइरिस स्कैन से भी सत्यापन न होने की स्थिति में पेंशन स्वीकृत अधिकारी के समक्ष आधार/जनाधार के साथ व्यक्तिगत उपस्थिति से भी सत्यापन करवाया जा सकता है।

### चौधरी ने शुरू किया झोटवाड़ा जनता कार्यालय



**बेधड़क, जयपुर।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी ने शुक्रवार को झोटवाड़ा जनता कार्यालय के नाम से कार्यालय का उद्घाटन किया। चौधरी ने कहा कि कार्यालय के माध्यम से झोटवाड़ा की जनता की सेवा करेंगे। चौधरी ने बताया कि 16 जनवरी से झोटवाड़ा आभार यात्रा के नाम से एक यात्रा भी शुरू करने जा रहे हैं जिसके माध्यम से गांव गांव पहुंचकर मतदाताओं का आभार प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि झोटवाड़ा जनता कार्यालय आम जन के लिए 24 घंटे सातों दिन काम करेगा।

**15 फीसदी आरक्षित दर से 3 बीएचके की कीमत** 60 लाख से बढ़कर हो सकती है 75 लाख रुपए

# नए साल में हाउसिंग बोर्ड की जमीनों के बढ़ेंगे दाम, मांगे प्रस्ताव

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में नए साल से आवासन मंडल अपनी जमीनों की कीमत में वृद्धि करने जा रहा है। आवासन मंडल प्रशासन ने इसके लिए सर्किल ऑफिसों से प्रस्ताव मांगे हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आवासन मंडल की जमीनों की कीमत करीब 15 फीसदी आरक्षित दर से बढ़ सकती है।

ये कीमतें जनवरी 2024 से लागू हो सकती हैं। इसका असर जयपुर, जोधपुर समेत 10 से ज्यादा शहरों के चार हजार से ज्यादा विला और फ्लैट्स पर पड़ेगा। मंडल के उप वित्तीय सलाहकार ओम प्रकाश बुटोलिया ने बताया कि सर्किल ऑफिसों से प्रस्ताव मांगे हैं। उन्होंने बताया कि नियमानुसार मंडल में दरें बढ़ाई जाएंगी।



**निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स पर पड़ेगा असर**

वर्तमान में मकानों की स्कीम निर्माणाधीन है। ये सभी योजनाएं जब तैयार होंगी, तब इनकी लागत निकाली जाएगी तो उसमें इन बढ़ी दरों से अंतर आएगा। अगर जमीनों की कीमतों में इजाफा होता है तो लागत में भी इजाफा होगा। क्योंकि जमीन की कीमतें वर्तमान समय की जोड़ी जाती हैं।

### निर्माणाधीन मकानों की दरें होंगी प्रभावित

वहीं आवासन मंडल राजधानी के अलावा जोधपुर, बांसवाड़ा, आबू रोड समेत 10 से ज्यादा शहरों में चार हजार से ज्यादा मकान बना रहा है। अकेले जयपुर में प्रताप नगर एरिया में 1332 विला और फ्लैट्स बनाने का काम चल रहा है। इन योजनाओं इसी साल मार्च में लांच किया गया था।

### राजधानी में ये प्रोजेक्ट निर्माणधीन

राजधानी के प्रताप नगर में ही सेक्टर-22, सेक्टर- 23 और सेक्टर- 26 में मल्टी स्टोरी फ्लैट्स की स्कीम लॉन्च की जाएगी। एनआरआई कॉलोनी के पास एमएनआईटी फेकल्टी के नाम से 124 फ्लैट डेवलेप किए जाएंगे। ये फ्लैट्स एमआईजी-बी (मध्यम आय वर्ग) से लेकर एचआईजी (उच्च आय वर्ग) कैटेगिरी फ्लैट्स बनाए जाएंगे। इसमें 3 बीएचके और 4 बीएचके के फ्लैट्स होंगे। इन फ्लैट्स की साइज 1440 वर्गफीट से लेकर 2310 वर्गफीट तक के होंगे। 3 बीएचके फ्लैट की कीमत 60 लाख रुपए और 4 बीएचके फ्लैट की कीमत 1 करोड़ रुपए तक होगी।

### 17 शहरों में हाउसिंग बोर्ड की योजना

चूरू में 10, किशनगढ़ अजमेर के खोड़ा में 175, धौलपुर में 45, बूंदी के लाखेरी में 317, टोंक के निवाई में 77, हनुमानगढ़ में 504, आबूरोड में 189, भिंडर में 22, सलूंबर में 16, भीलवाड़ा के पटेल नगर 38, शाहपुरा में 46, चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा में 71, बड़ी सादड़ी में 74, बांसवाड़ा परतापुर में 80, दुर्गापुर में 63 और उदयपुर के हिरण मगरी में 24 मकानों की योजना लॉन्च हो चुकी है।

**भजनलाल शर्मा के सीएम बनने से** खिले सांगानेर वासियों के चेहरे


# लोगों को उम्मीद: क्षेत्र में सीएम साहब लगाएंगे विकास को पंख

नरेन्द्र चतुर्वेदी | बेधड़क

**जयपुर।** अपने क्षेत्र के विधायक के मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने के बाद सांगानेर वासियों के चेहरे पर रौनक देखते ही बन रही है।

लोगों को उम्मीद है कि अपने क्षेत्र के विधायक के सूबे का मुखिया बनने से सांगानेर के विकास को तो पंख लगेंगे ही, साथ ही उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का भी जड़ से समाधान हो जाएगा। ऐसे में क्षेत्रवासी भजनलाल शर्मा के सीएम बनने पर एक- दूसरे को बधाई दे रहे हैं। लोगों का मानना है कि प्रदेश की किसी भी सरकार में मुख्यमंत्री के इलाके में विकास की गंगा बहती ही रहती है और प्रशासन भी हमेशा अलर्ट रहता है। साथ ही कई बडी योजनाएं और प्रोजेक्ट भी आने की उम्मीद रहती है।

### पिछले कई वर्षों से बड़ी समस्याओं से जूझ रहे सांगानेर क्षेत्र के लोग



### ये हैं प्रमुख मुद्दे

- सांगानेर में सैटेलाइट अस्पताल का तय समय में निर्माण
- विधानसभा में नया जनाना अस्पताल
- बाजारों में अतिक्रमण से मुक्ति
- राज्य स्तरीय स्टेडियम का निर्माण
- सभी कॉलोनियों में बीसलपुर पेयजल लाइन
- सीतापुरा से अजमेरी गेट तक मेट्रो लाइन का विस्तार

### रंगाई- छपाई इंडस्ट्रीज को मिलेगी संजीवनी

खासतौर पर सांगानेर का नाम आते ही यहां के प्रिंट और रंगाई- छपाई उद्योग का नाम सबसे पहले आता है। सांगानेरी प्रिंट के कपड़ों की देश - विदेशों में पहचान भी है। पूरे सांगानेर क्षेत्र की बात करें तो करीब 500 से ज्यादा रंगाई- छपाई के कारखाने यहां स्थापित हैं। वहीं रोजगार की दृष्टि से भी इस उद्योग से लाखों की संख्या में लोग जुड़े हुए हैं, लेकिन पिछले कुछ अरसे से इस उद्योग में काफी परेशानी आ रही है। क्षेत्र में बड़ा प्लेटफार्म नहीं मिलने से इस उद्योगों का विकास रुका हुआ है। तंग गलियों में कारखाने होने से बाहर के व्यापारी आसानी से नहीं पहुंच पाते हैं। वहीं व्यापारियों को किसी भी प्रकार की कोई रियायत नहीं मिल रही है। ऐसे में इस उद्योग से जुड़े व्यापारियों की मांग है कि उनके व्यापार को एक ऐसा प्लेटफार्म मिले, जहां वे सांगानेरी प्रिंट को लोगों तक पहुंचा सके। लोगों की मांग है कि जिस तरह ज्वैलरी उद्योग के लिए सीतापुरा को विकसित किया गया है, ठीक वैसे ही इस इंडस्ट्रीज को भी बजट मिले और पर्याप्त जगह में एक नया मार्केट बनाया जाएं।

### द्रव्यवती नदी का विदेशों की तर्ज पर हो रख-रखाव

तत्कालीन वसुंधरा सरकार में अमानीशाह नाले को विकसित कर द्रव्यवती नदी का रूप दिया गया था। इस परियोजना में सरकार ने करीब 1800 करोड़ रुपए खर्च किए। ये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का डीम प्रोजक्ट भी था। उनका सपना था कि द्रव्यवती नदी को विदेशों की तर्ज पर प्रोजक्ट किया जाए, साथ ही पर्यटन की दृष्टि से भी इसका फायदा लोगों को मिले, लेकिन इसके बाद आई कांग्रेस सरकार ने इस परियोजना पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण द्रव्यवती फिर से एक गंदा नाला बनकर रह गई। अब द्रव्यवती नदी का अधिकांश भाग सांगानेर विधानसभा में होने से लोगों को उम्मीद है कि ये परियोजना फिर से जी उठेगी।

### PRN में होगा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार

शहर की पृथ्वीराज नगर योजना की अधिकांश कॉलोनियों वर्तमान में मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। जिससे लोगों को बडी परेशानी होती है। सांगानेर विधानसभा के मानसरोवर, अजमेर रोड से जुड़े भू- भाग पर आज भी पानी की किल्लत बनी हुई है। वहीं कई इलाकों में सीवर लाइन तक नहीं डल पाई है। ऐसे में क्षेत्र वासियों को सीएम से उम्मीद है कि विधानसभा क्षेत्र के आमजन को अब मूलभूत समस्याओं के लिए तरसना नहीं पड़ेगा।

## खबरो में बेधड़क खबर...

### DG साहब लगा रहे सेवा भारती सदन के चक्कर

लालकोठी स्थित सात मंजिला भवन में बैठने वाले एक डीजी रैंक के साहब सेवा भारती सदन के चक्कर लगा रहे हैं। भाजपा के सत्ता में आने के बाद डीजीपी को लेकर साहब ने जोड़तोड़ लगाना शुरू करा दिया है। चर्चा है कि साहब संघ के पदाधिकारियों से संपर्क कर लॉबिंग कर रहे हैं। साहब की पिछले दो सप्ताह में संघ कार्यालय तक कई दफा दस्तक देने की बात को लेकर अफसर अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं।

#### दिल्ली के नेटवर्क को खंगाल रहे

लालकोठी स्थित सात मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर बैठने वाले साहब प्राइम पोस्टिंग के लिए दिल्ली के नेटवर्क को खंगालने में लग गए हैं। सालों से महत्वपूर्ण पदों में रहकर साहब दोनों सरकारों के करीबी रहे हैं, लेकिन अब परिवर्तन होने के बाद साहब की नींद उड़ गई है। चर्चा है कि साहब तीसरी मंजिल की एक सीट पर प्राइम पोस्टिंग लेने और घाटगेट स्थित खाकी के महकमे की जिम्मेदारी लेने के लिए दिल्ली के नेटवर्क को खंगाल रहे हैं। साहब मैनेजमेंट में मास्टर हैं।

#### ब्रेवो को सताने लगा तबादले का डर

भाजपा सरकार आते ही एक ब्रेवो साहब अपनी पोस्टिंग को लेकर काफी चिंतित है। दरअसल, भाजपा के कुछ कद्दावर नेता ब्रेवो की हरकतों को लेकर काफी नाराज हैं। ऐसे में चर्चा है कि ब्रेवो का विकट उड़ना तय है। अब ब्रेवो अपने कामकाज का प्रचार-प्रसार करवाकर पोस्टिंग यथावत रहे जाए इसके लिए लॉबिंग कर रहे है। एक आरोपी को पकड़ने के दौरान माटी रकम की बात को लेकर साहब चर्चा में आए थे। साहब की आशिकी के भी महकमे में काफी चर्चा है।

#### शहर का मुखिया बनने की होड़

सरकार बदलते ही जयपुर शहर में खाकी महकमे के मुखिया के बदले जाने के चर्चा जोरों पर है। ऐसे में खाकी में जयपुर शहर का मुखिया बनने के लिए तीन अफसरों के बीच में होड़ मची हुई है। इनमें लालकोठी वाली बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर बैठने वाले एक साहब और तीसरी मंजिल पर बैठने वाले दो अफसरों के बीच में होड़ मची हुई है। चर्चा है कि दो अफसर तो खुलकर मुखिया बनने के लिए जोड़तोड़ लगा रहे हैं, तो उनसे नीची रैंक वाले साहब साइलेंट रहकर मुखिया का पद लेने की कोशिश कर रहे हैं।

■ ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

**मुख्यमंत्री भजनलाल व दोनों** डिप्टी सीएम रहेंगे मौजूद

# विकसित भारत अभियान की लॉन्चिंग आज, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे संबोधित

बेधड़क | जयपुर

विकसित भारत अभियान की राजस्थान में लॉन्चिंग शनिवार दोपहर 2:15 बजे महारानी कॉलेज जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के लाइव संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थिति रहेंगे। भाजपा ने विकसित भारत अभियान से आम जन के जुड़ाव के लिए भी अपील जारी की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा ने बताया कि विकसित भारत अभियान के लिए भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों सहित मोर्चों, प्रकोष्ठों और विभिन्न स्तरों पर कार्य विभाजन और जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिसमें जयपुर प्रशासनिक जिले के सभी विधायक, विधायक प्रत्याशी ,प्रदेश पदाधिकारी सभी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक, प्रदेश अभियान संयोजक, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक, विधानसभा संयोजक, मंडल संयोजक,जिला पदाधिकारियों सहित मंडल अध्यक्ष और जिला मोर्चा मंडल अध्यक्षों को भी विकसित भारत अभियान को सफल बनाने का दायित्व सौंपा गया है।



**नई सरकार के रिव्यू करने के बाद** शुरू होगी प्रक्रिया

# बजरी लीज के लिए होने वाली बिड रोकी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में खान विभाग ने 22 बड़े ब्लॉक में बजरी खनन की लीज जारी करने के लिए जो ऑनलाइन बिड मांगी थी, उसे फिलहाल निरस्त कर दिया।

हालांकि अधिकारी इसके पीछे कोई बड़ा कारण नहीं बता रहे, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि नई सरकार आने और नए मंत्री बनने के बाद लीज देने की प्रक्रिया का रिव्यू करने के बाद आगे का निर्णय किया जाएगा। दरअसल, गहलोत सरकार के समय 22 बड़े ब्लॉक में बजरी खनन के लिए लीज जारी करने का निर्णय किया था। इसके लिए पिछले दिनों खान विभाग ने ऑनलाइन बिड की निविदा जारी की थी।

लीज के लिए ऑनलाइन बोली 27 दिसंबर को लगनी थी। इस बिड में 34 हैक्टेयर से लेकर 100 हैक्टेयर जमीन तक की लीज जारी करने का प्रावधान रखा था। बिड से राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद थी। सूत्रों की माने तो ऑनलाइन बिड का निर्णय और नियम पिछली सरकार में तय किए गए थे। अब संभावना है कि नई सरकार और मंत्री के आने के बाद संभावना है कि नियमों में कुछ बदलाव करने के बाद नए सिरे से बिड जारी की जाए।



### इन ब्लॉक में जारी करनी थी लीज

खान विभाग ने जो बिड जारी की थी वह भीलवाड़ा, राजसमंद, ब्यावर, टोंक के अलावा नागौर जिले में आवंटित किए जाने थे। जो बनास नदी के अलावा लूनी नदी में थे। इस बिड में जो शर्तें निर्धारित की है, उसे देखकर उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार लोगों को बजरी बहुत सस्ती दर पर उपलब्ध हो सकती है। बिड में लीज 5 साल के लिए दिए जाने का प्रावधान किया रखा था।

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले- कांगेस आलाकमान जब चाहेगा फैसला हो जाएगा**

# नेता प्रतिपक्ष चुनने की सुगबुगाहट के बीच कई दावेदार होने से असमंजस

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है। इन सबके बीच हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक बयान जारी कर कहा कि आलाकमान जब चाहेगा फैसला हो जाएगा।

पता चला है कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद यहां नेता प्रतिपक्ष और प्रदेशाध्यक्ष के पद को लेकर भी गुटबाजी तेज हो गई थी, जिसे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने यह कहकर शांत करने की कोशिश की कि राजस्थान में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर है। इसलिए फिलहाल किसी तरह के बदलाव की कोई बात नहीं है। राजस्थान में कांग्रेस पिछले चार चुनाव में दो बार विपक्ष में रही है और यह पहला मौका है, जब पार्टी के पास विपक्ष के रूप में विधायकों की संख्या सम्मानजनक है। कई बड़े चेहरे जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं। यही कारण है कि इस बार नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदारों की संख्या ज्यादा है। वैसे, नेता प्रतिपक्ष को लेकर कांग्रेस के कई नाम चर्चा में हैं। चर्चा है कि बीजेपी ने ब्राह्मण चेहरे भजनलाल शर्मा को सीएम बनाया है, तो कांग्रेस भी ब्राह्मण कार्ड खेल सकती है।

### नेता प्रतिपक्ष पद के लिए ये हैं दावेदार

सूत्रों के अनुसार अशोक गहलोत हर बार जीत कर तो आते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का पद लेने की इच्छा नहीं जताते। गहलोत को छोड़ दें तो वरिष्ठता की दृष्टि से चार पांच नाम सामने आ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में जो नाम सबसे आगे हैं उनमें से मुख्य हैं...

#### सचिन पायलट



राजस्थान में पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता हैं। केंद्रीय मंत्री, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। युवा चेहरा हैं और पार्टी का भविष्य माने जाते हैं।

#### महेंद्रजीत मालवीय

मालवीय लगातार जीतने वाले विधायकों में शामिल हैं। गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य हैं और बड़ा आदिवासी चेहरा माने जाते हैं।

#### हरीश चौधरी

विधायक और मंत्री रहे हैं। पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हैं और गांधी परिवार के नजदीकी माने जाते हैं।

#### गोविंद डोटासरा



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लगातार विधायक रहे हैं। इसलिए विधानसभा के कार्यप्रणाली की बेहतर समझ भी है। वे मुखर होकर बोलने वाले नेता भी हैं।

#### राजेंद्र पारीक

गहलोत के पिछले कार्यकाल में मंत्री रह चुके हैं। वरिष्ठ विधायक हैं और निवर्तमान विधानसभा में सभापति पैनल में शामिल थे।

#### हरिमोहन शर्मा

वरिष्ठ नेता और विधायक रहे हैं। हालांकि, इन्हें लंबे समय बाद जीत हासिल हुई है। ये संसदीय कार्य प्रणाली को बहुत अच्छे से समझते हैं।

#### शांति धारीवाल



गहलोत सरकार के सबसे वरिष्ठ मंत्री रहे हैं। गहलोत सरकार में संसदीय कार्य मंत्री भी रहे हैं। इसलिए विधानसभा की कार्यप्रणाली का बहुत अच्छे ढंग से समझते हैं और राजनीतिक समझ में उनका कोई मुकाबला नहीं है।

### सियासी गलियारों में चर्चा

पार्टी सूत्रों का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष का नाम इन्हीं नेताओं में से किसी एक को चुना जाएगा। लेकिन इसे लेकर अलग-अलग ढंग से लोगों में चर्चा चल रही है। इसमें अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की गुटबाजी भी काफी हद तक हावी है। कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के लिए नाम की घोषणा शीघ्र ही हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस ने संभावित नामों का पैनल आलाकमान को भिजवा दिया है, हालांकि आलाकमान इसके लिए किसकों चुनता है यह दो तीन दिनों में स्पष्ट हो जाएगा।

## जरूरी खबर

### अहमदाबाद-गोरखपुर बिल्हौर स्टेशन पर रुकेगी



**जयपुर।** अहमदाबाद-गोरखपुर - अहमदाबाद रेल का बिल्हौर स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक ठहराव किया गया है। गौरतलब है कि यह ट्रेन जयपुर रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव करती है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 19409, अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 21 दिसंबर से अहमदाबाद से रवाना होकर बिल्हौर स्टेशन पर 07:16 बजे आएगी और 07:18 बजे जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19410, गोरखपुर-अहमदाबाद रेलसेवा 18 दिसंबर से गोरखपुर रवाना होकर बिल्हौर स्टेशन पर 13:27 बजे आएगी व दोपहर 1:29 बजे जाएगी।

### प्री डीएलएड 2023 परीक्षा के कॉलेज अलॉटमेंट जारी

**जयपुर।** प्री डीएलएड परीक्षा 2023 की काउंसलिंग के बाद शुक्रवार को शिक्षा विभाग ने कॉलेज अलॉटमेंट लेटर जारी कर कर दिए हैं। इसके साथ ही प्रवेश के लिए रिपोर्टिंग करने के लिए समय सारिणी भी जारी की गई है। कॉलेज आवंटन सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित की गई है। आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को 13,555 रुपए फीस 16 से 26 दिसंबर तक जमा करानी होगी। आवंटित शिक्षा संस्था में अभ्यर्थी को स्वयं के लॉगिन से 16 से 27 दिसंबर तक ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड कर रिपोर्टिंग करनी होगी। संस्था को अभ्यर्थियों के दस्तावेज एवं प्रवेश को अधिकृत पोर्टल पर 16 से 28 दिसंबर तक ऑनलाइन सत्यापन करना होगा। संस्था द्वारा प्रमाणीकरण के बाद अभ्यर्थियों को स्वयं के लॉगिन से प्रोविजनल प्रवेश स्लिप 28 दिसंबर तक प्राप्त करनी होगी।

गैस एजेंसियों पर ईकेवाईसी के लिए लगने लगी कतारें

# लोकसभा चुनाव से पहले सभी के लिए सब्सिडी की उम्मीद!

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा की ओर से विधानसभा चुनावों में घरेलू गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने की घोषणा के बाद अब यह शुरू होने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। प्रदेश में नई भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के बाद तो इन उम्मीदों को और बल मिल गया है, क्योंकि भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब परिवारों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। दरअसल भारत सरकार के तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से पिछले कुछ दिनों से सभी गैस कंपनियों के वितरकों से गैस कनेक्शन धारकों की बायोमेट्रिक ईकेवाईसी करवाई जा रही है। इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। गैस उपभोक्ताओं को सब्सिडी कब से मिलेगी, इसको लेकर अभी गैस कंपनियों के पास कोई आदेश नहीं है। उम्मीद लगाई जा रही है कि आगामी नए साल में गैस सब्सिडी देश में सभी के लिए शुरू की जा सकती है। वहीं, यह भी बताया जा रहा है कि इस वेरीफिकेशन कार्य से दोहरे गैस कनेक्शन का पता लगाकर निरस्त किया जाएगा। एक आधार से एक ही गैस कनेक्शन को ही सब्सिडी दी जाएगी।



### डेढ़ करोड़ उपभोक्ता

जानकारी के अनुसार प्रदेश में 1 करोड़ 60 लाख के करीब गैस कनेक्शन हैं। इनमें से 74 लाख के करीब उज्जवला गैस कनेक्शन हैं। जयपुर में 85 गैस एजेंसिया हैं, जिनसे करीब 15 लाख उपभोक्ता जुड़े हैं। इनमें से 2 लाख से भी ज्यादा उज्जवला गैस कनेक्शन है। गैस कंपनियों को इन सभी का 31 दिसंबर से पहले सत्यापन कार्य करना है।

### पहले उज्ज्वला कनेक्शनों पर जोर

ईकेवाईसी कार्य में गैस एजेंसियों की ओर से पहले उज्ज्वला गैस कनेक्शनों पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामान्य गैस उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी कार्य किया जा रहा है। एजेंसियों की ओर से बताया जा रहा है कि उज्ज्वला गैस कनेक्शनों की ईकेवाईसी प्रमुखता से करने के निर्देश सरकार से मिले हैं, क्योंकि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनों में फर्जीवाड़ा नहीं रहे। कई लोगों ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन ले लिए, लेकिन काफी दिनों से सिलेंडर भरवा नहीं रहे हैं।

### यूं हो रही ईकेवाईसी

गैस कंपनियों की ओर से वेरीफिकेशन के लिए उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज भिजवाया जा रहा है। इसके बाद तय समय पर उपभोक्ता को गैस एजेंसी में गैस और बैंक डायरी व आधार कार्ड ले जाकर वेरीफिकेशन कार्य करवाना होगा। अगर कोई विकलांग व बुजुर्ग ईकेवाईसी के लिए एजेंसी में नहीं जा सके तो उसके घर जाकर वेरीफिकेशन कार्य किया जाएगा। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंपों में भी यह वेरीफिकेशन किया जाएगा।

> ईकेवाईसी कार्य अच्छी पहल है। मगर गैस कंपनियों के पास सीमित स्टाफ और कम समय है। बेहतर होता यह कार्य ई-मित्र के माध्यम से होता।
>
> **दीपक सिंह,** अध्यक्ष राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर फेडरेशन

> सरकार के निर्देश पर उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी करवाई जा रही है। 31 दिसंबर तक यह कार्य पूरा किया जाना सुनिश्चित है।
>
> **कुलविंदर सिंह,** सीजीएम, एलपीजी, इंडियन ऑयल

PHQ की ओर से जारी अक्टूबर महीने के क्राइम आंकड़ों में खुलासा

# 14 बालिग और 5 नाबालिगों के साथ रोज हो रही दरिंदगी

**महिलाओं के साथ हो रहे अपराध बन रहे राजस्थान सरकार के लिए चुनौती**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत का शासन खत्म हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर भाजपा के भजनलाल शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है, लेकिन अब नई सरकार पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाना चुनौती है। पुलिस मुख्यालय द्वारा हाल ही में अक्टूबर माह तक के प्रदेशभर के आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों की पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में रोजाना औसतन 14 बालिग और 5 नाबालिगों के साथ दरिंदगी की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस ने दुष्कर्म के बाद मुकदमा तो कर लिया, लेकिन ज्यादातर मामलों में जांच पेंडिंग है। ऐसे में दरिंदे बेखौफ घूम रहे हैं। पुलिस ने इस साल अक्टूबर माह तक हत्या, लूट, हत्या का प्रयास, डकैती, अपहरण, दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट, बलवा, नकबजनी, चोरी व अन्य आईपीसी की धाराओं में करीब 2.13 लाख अपराधिक मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें पुलिस ने जांच के बाद 63 हजार से ज्यादा मामलों में एफआर लगा दी। जबकि 1 लाख से ज्यादा मुकदमें पेडिंग है। 98 हजार मुकदमों की तो अभी जांच चल रही है। यानि करीब 36.86 फीसदी मामलों में तो पुलिस जांच ही नहीं कर पा रही है। जबकि 1784 मामले में एफआर लगने के बाद अनुसंधान में गंभीर शिकायत मिलने के बाद कोर्ट के आदेश या फिर उच्च अधिकारियों के आदेश पर फिर से जांच के लिए रिओपन किए हैं। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।



### यह स्थिति है अपराध की

| अपराध | मुकदमे | एफआर |
|---|---|---|
| हत्या | 1541 | 235 |
| हत्या का प्रयास | 2581 | 267 |
| डकैती | 123 | 20 |
| लूट | 1825 | 412 |
| अपहरण | 10331 | 4661 |
| दुष्कर्म | 4400 | 1690 |
| पोक्सो एक्ट | 1514 | 266 |
| बलवा | 2496 | 820 |
| नकबजनी | 6889 | 2771 |
| चोरी | 33366 | 18230 |
| अन्य | 148422 | 34044 |

### यहां ज्यादा अनुसंधान पेंडिंग

पड़ताल में सामने आया कि 18 जिलों में मामलों की जांच नहीं हो रही है। इनमें 41 से लेकर 63% तक मामले पेंडिंग है। सबसे ज्यादा देरी दूदू, जोधपुर ग्रा., जयपुर दक्षिण, नीम का थाना, बालोतरा, सांचोर में है। इनमें 50% से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं, जबकि नागौर, शाहपुरा, जयपुर पूर्व, जयपुर पश्चिम, कोटपुतली-बहरोड़, भिवाड़ी, बीकानेर, डीग, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़ और डूंगरपुर में दर्ज मुकदमों में से 40 से 50% की जांच नहीं हो रही है ।

दो चालकों की दरिंदगी, एक गिरफ्तार

# शर्मनाक वारदात: चलती बस में दलित युवती से गैंग रेप



**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर प्रदेश से आ रही एक बस में दो चालकों ने 20 वर्षीय दलित महिला से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को हुई जब निजी बस उत्तर प्रदेश से जयपुर आ रही थी। पुलिस के मुताबिक कानपुर से जयपुर आ रही यह महिला कैबिन में बैठी थी। इस दौरान चालक आरिफ और ललित ने उसके साथ बलात्कार किया। कानोता थानाधिकारी भगवान सहाय मीणा ने बताया कि आरिफ को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि ललित भागने में सफल रहा और उसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरिफ फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस के अंदर कुछ ही यात्री थे, जबकि पीड़िता चालक के पास बनी कैबिन में बैठी थी, जो अंदर से बंद था। उन्होंने बताया कि जब घटना हुई, तो महिला ने शोर मचा दिया, जिससे यात्री सचेत हो गए और उन्होंने बस रुकवा ली और चालक आरिफ को पकड़ लिया, जबकि ललित भाग गया। पुलिस सहायक आयुक्त (बस्सी) फूलचंद मीणा ने बताया कि पीडित युवती कानपुर से जयपुर के लिए शनिवार की रात को एक निजी बस में सवार हुई थी। युवती सांगानेर में अपने मामा के यहां आ रही थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता की ओर से बस के दोनों चालकों आरिफ (35) और ललित के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) और एससी,एसटी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें ।


2 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना

# दिन गरम... रात ठंडी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार दोपहर चिलचिलाती धूप निकली तो सर्दी में मामूली राहत मिली, लेकिन रात को तापमान में हल्की गिरावट ने लोगों को ठंडक का अहसास कराया। इधर, मौसम विभाग ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी में अभी 2 से 3 दिन मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने 18 दिसंबर के बाद से सर्दी के बढ़ने के आसार जताए है। शुक्रवार को राजधानी जयपुर का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रहा, जबकि अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री रहा। जयपुर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान गुरुवार के मुकाबले 1 डिग्री गिरावट पर रहा। सुबह शाम व रात को सर्दी ने लोगों की ठिठूरन बढ़ाई। मौसम विशेषज्ञों का कहना कि फिलहाल पारे में मामूली गिरावट जारी रहेगी।

वहीं, अगले सप्ताह की शुरुआत से सर्दी अपने तेवर दिखा सकती है। दिसबंर आने के बावजूद अभी भी सर्दी ने अपने तीखे तेवर नही दिखाए हैं। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि दिसंबर के तीसरे सप्ताह में सर्दी अपने पूरे रंग में होगी। ठंडी हवाओं के चलने के आसार हैं।

## शादी समारोह में हुए शामिल... दी शुभकामनाएं







*जयपुर। सच बेधड़क टीवी न्यूज चैनल के क्राइम रिपोर्टर राकेश दाधीच की बहन के शुभ विवाह कार्यक्रम में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने नवदंपती मेघा और शशांक को बधाई दी। वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा और डिजिटल हेड रवि कुमार भी समारोह में शामिल हुए। शादी में आईपीएस प्रीति चंद्रा और आईपीएस विकास पाठक सहित राजनीतिक, सामाजिक और उद्योग जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।* **-फोटो: पंकज शर्मा**

रंग लाने लगी शिक्षा विभाग की मुहिम

# स्कूली बच्चे-बच्चियां समझने लगे गुड टच... बेड टच का कर रहे विरोध

**श्रवण भाटी** | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी विभागों में हर साल कई योजनाए लागू होती हैं और समय के साथ वो गायब भी हो जाती हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की दो साल पहले लागू की गई गुड टच- बेड टच की मुहिम ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में महत्पूर्ण असर दिखाया है। इसके चलते बच्चे अब गुड टच समझने लगे हैं और बेड टच का विरोध करने लगे हैं। यही कारण है कि प्रदेश में 60 ऐसे टीचर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई जो स्कूलों में बच्चियों के साथ गलत हरकतें करते थे। ऐसे कई शिक्षक सस्पेंड भी हुए। खास बात यह है कि इन सबके खिलाफ शिकायत इनकी हरकतों से त्रस्त बालिकाओं ने ही की। उनमें यह समझ और हिम्मत गुड टच-बेड टच मुहिम के चलते ही आई। इस अभियान से न केवल बच्चियों को, बल्कि लड़कों को भी अच्छे-बुरे का फर्क महसूस होने लगा है। गौरतलब है कि यह अभियान 2020 में शासन सचिव नवीन जैन ने शुरू किया था। इसके तहत स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को गुड टच-बेड टच के बारे में एक बड़े लेवल पर बताना शुरू किया गया।



### ज्यादातर अपराधी अपने या पहचान वाले

गौरतलब हैं कि 14 वर्ष के बच्चों को स्कूलों में कुछ समय पहले आपराधिक दिमाग वाले लोग निशाना बनाने लगे थे। ये अपने यौन आकर्षण के लिए इनका गलत इस्तेमाल करते थे, क्योंकि इन्हें मालूम है कि कम उम्र के बच्चे कमजोर व नासमझ होते हैं। इस तरह के ज्यादातर अपराधी घर में से ही या आस-पड़ोस या जान पहचान वाले ही होते हैं। कई बार बच्चों को स्कूल कर्मचारी के साथ स्कूल ले जाने वाले ट्रांसपोर्ट के लोग भी ऐसे अपराध करते हैं। ऐसे में स्कूलों में गुड टच और बेड टच अभियान बच्चों को आपराधिक प्रवत्ति के लोगों से बचाने में सार्थक साबित हो रहा है।

### फैक्ट फाइल

- 65387 स्कूलों में अभियान चला
- 101424 सेशन में गुड टच-बेड टच की ट्रेनिंग दी।
- 445677 गेस्ट ने स्कूल के साथ भागीदारी की।

### प्रदेश में स्टूडेंट्स

| कक्षा | लड़के | लड़किया | ट्रांसजेंडर |
|---|---|---|---|
| 1-5 | 1962203 | 1811802 | 349 |
| 6-8 | 1245954 | 1110665 | 27 |
| कुल | 3208157 | 2922467 | 376 |

### जयपुर में स्टूडेंट

| कक्षा | लड़के | लड़किया | ट्रांसजेंडर |
|---|---|---|---|
| 1- 5 | 37419 | 43178 | 3 |
| 6 -8 | 37427 | 44663 | 0 |
| कुल | 74846 | 87841 | 3 |

### सुरक्षित बचपन जरूरी

प्रदेश की करीब 65 हजार स्कूलों में शनिवार को स्पेशल सेशन चलाकर बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श को लेकर प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के दौरान बैनर,पोस्टर, वीडियो और स्पेशल शिक्षकों द्वारा सिखाया गया था। शासन सचिव नवीन जैन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि एक व्यक्ति के जीवन में बचपन बहुत मायने रखता है। इसलिए बचपन का न केवल यादगार होना जरूरी है, बल्कि सुरक्षित होना भी बेहद जरूरी है। गुड टच, बैड टच प्रोग्राम बच्चों में आत्मरक्षा का भाव, जागरूकता, वैचारिक परिपक्वता और मजबूत और सुरक्षित बचपन के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है।

> शासन सचिव द्वारा शुरू की गई मुहिम से लाखों बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। एक तरफ बच्चे तो जागरूक हो ही रहे हैं, साथ ही बेड टच करने वालों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत के डर से वो सुधर रहे हैं। दूसरी तरफ से बच्चियों के साथ बेटों को भी फायदा मिल रहा है।
>
> **राजेंद्र शर्मा,** हंस, डीईओ (माध्यमिक)

## जरूरी खबर

### वकील पर हमला करने वाले आरोपी को जमकर पीटा



**अजमेर।** अजमेर में एसीजेएम तीन कोर्ट रूम में शुक्रवार को रेलवे के वकील संजीव आनंदकर अपना पक्ष रख रहे थे, तभी विपक्षी पक्षकार के परिजनों ने वकील पर हमला कर दिया। घटना से कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वकीलों ने आरोपी को पकड़ कर धुनाई कर दी। इस घटना को लेकर वकीलों में आक्रोश व्याप्त हो गया। वकील आरोपी के खिलाफ राजकार्य में बाधा के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### भारतीय सीमा क्षेत्र में पाक की लोकल सिम पर रोक

**जैसलमेर।** जैसलमेर से लगती भारतीय सीमा में पाकिस्तानी लोकल सिम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर आशीष गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिले से लगने वाली पाकिस्तानी सीमा वाले इलाके में पाकिस्तानी मोबाइल टावरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के अंदर 3-4 किमी तक आता है। इस कारण पाकिस्तानी लोकल सिम से पाकिस्तानी नेटवर्क के जरिए आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। इस तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा पैदा हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए पाकिस्तानी लोकल सिम के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

### पंजाब को कभी भी खालिस्तान नहीं बनने देंगे: बिट्टा



**अजमेर।** तीर्थनगरी पुष्कर आए अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने मीडिया के साथ अपनी बातचीत में कहा कि पंजाब न कभी खालिस्तान था और ना ही बनेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें चाहे कितनी भी शरारत करें, अब भारत की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकतीं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने के बाद देश में न तो कोई दंगे हुए और न ही कहीं गोलियां चलीं। राजनीतिक पार्टियों में लड़ाई हो सकती है लेकिन अगर प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ अच्छा किया है तो उसकी भी तारीफ न करें, यह सरासर गलत होगा।

---

**पर्यटन व्यवसाय से जुड़ा हर शख्स खुश,** टूट सकता है पिछले साल का रिकॉर्ड

# नए साल से पहले पर्यटकों से गुलजार हुई झीलों की नगरी

**बेधड़क** | उदयपुर

देश-दुनिया में अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर नीली झीलों का शहर इन दिनों पर्यटकों से गुलजार नजर आ रहा है।

इस गुनगुनी सर्दी के बीच बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी झीलों की नगरी का रुख किए हुए हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार नए साल के पर्व पर उदयपुर में अब तक के रिकॉर्ड टूट सकते हैं। क्योंकि पिछले महीने लाखों की संख्या में टूरिस्ट उदयपुर घूमने के लिए पहुंचे थे। लेकसिटी में सर्दी की छुट्टियों और देश-दुनिया से सैलानियों की बंपर आवक हो रही हैं। जिसके चलते ना केवल यहां के पर्यटन स्थल आबाद हो गए हैं। बल्कि पर्यटन व्यवसाय से जुड़ा हर शख्स खुश हैं। सैलानीयों की बंपर आवक के चलते शहर के तमाम पर्यटन स्थलों पर मेले सा माहौल बना हुआ है। बात चाहे फतहसागर की हो या विश्वप्रसिद्ध पीछोला झील की, मोतीमगरी हो या फिर सिटी पैलेस, सुखाड़िया सर्किल हो या फिर सहेलियों की बाड़ी, हर और बड़ी संख्या में सैलानी नजर आ रहे हैं।



### देशी-विदेशी सैलानी रंगे राजस्थानी रंग में

लगातार उदयपुर में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में आने वाले नए साल पर रिकॉर्ड टूरिस्ट आने की संभावना है। बता दें कि इन दोनों उदयपुर की खूबसूरत झील लबालब है। जहां पर्यटक वोटिंग का भी जमकर लुफ्त ले रहे हैं। पिछले महीने के रिकॉर्ड को देखें, तो हर महीने लगातार पर्यटक बढ़ते जा रहे हैं। उदयपुर की सहेलियों की बाड़ी में घूमने के लिए आए विदेशी मेहमान राजस्थानी परिधान में सजे नजर आए। विदेशी पर्यटक राजस्थानी पोशाक पहनकर फोटो खिंचवा रहे थे, तो वहीं राजस्थानी पगड़ी पहन कर काफी खुश नजर आ रहे थे। इस दौरान विदेशी मेहमानों ने बात करते हुए बताया कि राजस्थान अपने आप में बेहद खूबसूरत है, लेकिन लेक सिटी लाजवाब है। इस दौरान गाइड्स उन्हें इन पर्यटन स्थलों की विस्तार से जानकारी देते नजर आए।

### पहले पायदान पर उदयपुर

अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने दुनिया भर में घूमने के लिए 23 बेस्ट लोकेशन की सूची जारी की है। इन तीन शहरों में पहले पायदान पर उदयपुर, उसके बाद जोधपुर और फिर जयपुर का नाम शामिल है। मैगजीन ने उदयपुर के पर्यटन स्थलों में झीलों, पहाड़ों और मंदिरों, सिटी पैलेस, सज्जनगढ़ आदि को दर्शनीय स्थान बताया है। यहां के ऐतिहासिक महल, मनमोहक नीली झीलें और राजस्थानी व्यंजन का जायका न सिर्फ देशी, बल्कि विदेशी मेहमानों को भी खूब पसंद आ रहा है।

### आबाद हुए ये पर्यटन स्थल

बदलते मौसम के मिजाज के साथ अपनी विरासत और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध शहर में बड़ी संख्या में लोग प्रमुख पर्यटन स्थलों पर दिखाई दे रहे हैं। उदयपुर में जग मंदिर, लेक पैलेस, सज्जनगढ़, पिछोला, दूध तलाई, सहेलियों की बाड़ी, सुखाड़िया सर्किल, प्रताप गौरव केंद्र, फतेहसागर, शिल्पग्राम, बड़ी लेक और अन्य दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है।

---

**पांच लाख रुपए में किया सौदा,** मूल अभ्यर्थी गिरफ्तार

# वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत परीक्षा में पकड़ा गया डमी कैंडिडेट

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा 2022 में मूल अभ्यर्थी की जगह डमी कैंडिडेट बैठाने का मामला सामने आया है। संदेह के आधार पर हुई व्यक्तिगत सुनवाई में आरोपी ने कबूल किया कि उसने पांच लाख रुपए देकर अपनी जगह डमी अभ्यर्थी को बैठाया था।

आरपीएससी ने अजमेर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज करवाने के बाद आरोपी को पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी कैंडिडेट को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामले में जांच को लेकर एसओजी को भी पत्र लिखा है। आरपीएससी के अनुभाग अधिकारी नमन शर्मा ने सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) 2022 भर्ती की संस्कृत विषय की परीक्षा 26 दिसंबर 2022 और सामान्य ज्ञान एवं शैक्षणिक मनोविज्ञान की परीक्षा 29 जनवरी 2023 को करवाई थी। इसमें अभ्यर्थी रामप्रसाद मीना पुत्र राम सहाय मीना निवासी मुकंदपुर, लालसोट जिला दौसा (जन्म तिथि 8 अगस्त 1984, रोल नंबर 2154359) को आयोग की ओर से दौसा शहर में परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था।



### 19 अभ्यर्थियों की लिस्ट रोकी

रामप्रसाद का नाम परीक्षा की पात्रता जांच के लिए जारी लिस्ट (कुल पदों के दोगुना अभ्यर्थियों की सूची) में आने में सफल रहा। अभ्यर्थी की पात्रता जांच 16 अगस्त 2023 को हुई। 17 अगस्त को जारी फाइनल रिजल्ट में अभ्यर्थी मेरिट 647 नंबर पर चयनित हुआ। आयोग ने मुख्य सूची में से कुल 19 अभ्यर्थियों की लिस्ट संदेह के आधार पर रोकते हुए शेष पात्र 1764 कैंडिडेट्स की रिकमंडेशन निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग (बीकानेर) को 30 नवंबर को भेज दी थी।

### फोटो में पाया गया अंतर

रामप्रसाद के आवेदन पत्र पर स्कैन फोटो और परीक्षा केंद्र पर फर्जी कैंडिडेट द्वारा एडमिट कार्ड पर चिपकाई गई फोटो में अंतर पाया गया। इस पर आरपीएससी ने रामप्रसाद को 4 दिसंबर 2023 को पत्र भेजा। रामप्रसाद 14 दिसंबर को आयोग कार्यालय में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित हुआ। पूछताछ में रामप्रसाद ने लिखित में जानकारी दी कि उसने बाड़मेर जिले के बाबूलाल जाट से पांच लाख रुपए में सौदा कर उसे अपने स्थान पर परीक्षा में बैठाया था। नमन शर्मा ने बताया- प्रारंभिक जांच में अभ्यर्थी रामप्रसाद के स्थान पर बाबूलाल जाट निवासी जिला बाड़मेर के दोनों प्रश्न पत्रों की परीक्षा बैठना पाया गया। रामप्रसाद, बाबूलाल और अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। अजमेर के एडिशनल एसपी महमूद खान ने बताया- आरपीएससी की ओर से शिकायत दी गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ के बाद आरोपी रामप्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। डमी कैंडिडेट की तलाश की जा रही है। जिला पुलिस ने मामले में गिरफ्तार आरोपी के एग्जाम सेंटर के सीसीटीवी फुटेज मंगवाए हैं। ताकि फर्जी अभ्यर्थी के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।



---

**3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न**

# कुलदेवी श्री वटयक्षणी व श्री पारेश्वर महादेव की मूर्ति स्थापना

**बेधड़क** | जोधपुर

चांदपोल स्थित श्री रिक्तेश्वर भैरुनाथ मन्दिर प्रांगण में श्रीमाली ब्राह्मण पाराशर गौत्र परिवार एवं पर्यावरण विकास संस्थान, जोधपुर की ओर से कुलदेवी श्री वटयक्षणी माता एवं श्री पारेश्वर महादेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार मिगसर सुदी तीज, शुक्रवार को धार्मिक जयकारों के साथ सम्पन्न हुआ।

अध्यक्ष लक्ष्मण राज त्रिवेदी ने बताया की स्थापित देवताओं का पूजन के साथ माता वटयक्षणी एवं पारेश्वर शिव परिवार की विधिवत स्थापना हुई। माता एवं शिव परिवार का विशेष श्रंगार, फूल मंडली एवं आरती हुई। इससे पूर्व जल यात्रा, यज्ञ प्रारम्भ पूर्णारती प्रसादी आदि हुए। इसके बाद पाराशर गौत्रीय की मातृशक्ति द्वारा सामुहिक रात्रि जागरण रखा गया।

उपाध्यक्ष डॉ. आनन्द प्रकाश व्यास ने बताया कि मूर्ति प्रतिष्ठा के लाभार्थियों ने सामूहिक योगदान दिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन पूजा, अर्चना, यज्ञ (हवन), अधिवास किया गया। सचिव कैलाश चन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि पं. जीवन किशोर जोशी के आचार्यत्व एवं रोहित जोशी, उदित जोशी, गिरीश दवे, जाग्रत जोशी के सह आचार्यत्व में मुख्य यजमान सुभाष व्यास दीपाली, आनंद व्यास संतोष, उमेश श्रीमाली मंजू (बीकानेर), अनिल त्रिवेदी स्नेहलता, अभिनव त्रिवेदी नीलिमा, सुनील त्रिवेदी कामाक्षा ने मूर्तिया में सहयोग प्रदान किया। समिति के योगेश व्यास कोषाध्यक्ष, अमरदत्त त्रिवेदी, श्यामसुन्दरलाल दवे, सुनील त्रिवेदी, योगेश्वर त्रिवेदी, मनीष त्रिवेदी, अनिल व्यास, अश्विनी कुमार व्यास, रामरतन त्रिवेदी, हरीश ओझा, कृष्णावतार दवे, जयशंकर व्यास, रमेशलाल व्यास, चन्द्रशेखर व्यास, रूपेश त्रिवेदी, जय व्यास, रमेश भाई त्रिवेदी भीनमाल, आनन्दी सन्तोष त्रिवेदी, सन्देह कंवर आदि मौजूद रहे।



---

**वारदात के बाद पुलिस ने शुरू की** जांच पड़ताल

# 45 लाख के जेवर व नकदी चोरी

**बेधड़क** | अजमेर

शहर में इन दिनों चोरों का हौंसला इन दिनों बुलंद है। गुरुवार देर रात को नकाबपोश चोरों ने एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाकर 45 लाख रुपए की ज्वेलरी और नकदी पार ले गए।

घटना मुख्य नया बाजार स्थित सागर ज्वेलर्स शॉप की है। घटना का पता शुक्रवार सुबह आसपास के लोग जब नमाज के लिए निकले तब दूकान का शटर टूटा हुआ मिला तब लगा। वहीं यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं मामले में अजमेर जिला पुलिस की स्पेशल टीम चोरी की वारदात करने वाले आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सघन जांच में लगी हुई है। कोतवाली थाने के एएसआई विष्णु देव ने बताया कि पीड़ित सागर गुप्ता ने घटना पर शिकायत दी है कि गुरुवार देर रात को उसकी दूकान से चोर शटर तोड़ लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए माल में 35 किलो चांदी, 250 ग्राम सोना और 40 से 45 हजार रुपए शामिल है। जिनकी कुल अनुमानित राशि 45 लाख है। सीसीटीवी फुटेज की जांच स्पेशल टीम कर रही है। वहीं, आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पड़ोसी दुकानदार संजय कोठारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह पास ही के गली में मौजूद दरगाह में जाने के लिए लोग आए तब किसी की नजर टूटे हुए शटर पर पड़ी। उसने तत्काल दुकान मालिक को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिस पर दुकान मालिक संजय गुप्ता मौके पर पहुंचे।

दुकान के भीतर की हालत देखकर मालिक के होश उड़ गए। दुकान के अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। साथ ही शो केस में पड़े गहने गायब थे।

---

**श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा** का देंगे निमंत्रण

# ब्यावर पहुंचने पर अक्षत कलशों का पूजन

**बेधड़क** | ब्यावर

अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण के लिए अक्षत कलश, श्रीराम चित्र और आमंत्रण पत्र ब्यावर जिला मुख्यालय पर शहर के अजमेरी गेट स्थित रामद्वारा पहुंचे।

रामद्वारा पहुंचे अक्षत कलशों की शुक्रवार दोपहर में 12 बजे संत गोपालराम महाराज के सानिध्य में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान संत रविराम महाराज सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे। अक्षत कलशों की पूजा-अर्चना के पश्चात बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई।इस दौरान पीले वस्त्रों में सजी-धजी महिलाएं अपने सिर पर अक्षत कलश धारण किए नजर आई। यात्रा के दौरान उपस्थित सभी लोग वैदिक मंत्र उच्चारण, जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे। अक्षत कलश यात्रा के दौरान रामद्वारा के संत गोपालराम महाराज, रविराम महाराज तथा सुनीलराम महाराज रथ पर विराजित होकर चल रहे थे।शहर के रामद्वारा से शुरू हुई अक्षत कलश यात्रा अजमेरी गेट, फतेहपुरियां चौपड, महादेवजी की छत्री, एकता सर्किल, महावीर बाजार, मेवाडी गेट, ब्रह्मानंद मार्ग से होते हुए आशापुरा माता मंदिर पहुंची।



रविवार को अक्षत कलशों की विशेष पूजा हवन कर सभी अभिमंत्रित किया जाएगा। उसके बाद जिले के कार्यकर्ता गांव-मोहल्ला में वार्ड की गणित के अनुसार अक्षत वितरण करेंगे। 1 जनवरी से मकर संक्रांति तक कार्यकर्ता टोलिया बनाकर घर-घर पीले चावल वितरण कर 22 जनवरी 2024 को उत्सव मनाने का निमंत्रण दिया जाएगा।

---

**आधुनिक एयरपोर्ट की तरह मिलेगी सुविधा**

# जैसलमेर रेलवे स्टेशन का 140 करोड़ की लागत से निखर रहा स्वरूप

**बेधड़क** | जैसलमेर

अमृत स्टेशन योजना में जैसलमेर के रेलवे स्टेशन को 140 करोड़ की लागत से नया बनाया जा रहा है। मॉडर्न लुक के साथ हेरिटेज बनाया जाएगा, जिसमें एयरपोर्ट की तर्ज पर सभी सुविधाएं होगी। अक्टूबर 2024 तक काम पूरा हो जाएगा।

जैसलमेर के रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नया बनाने का काम पिछले एक साल से जारी है। 70 से ज्यादा इंजीनियर और 200 से भी ज्यादा मजदूर काम में लगे हैं। बताया जा रहा है कि इस 2 मंजिला बिल्डिंग को अगले साल अक्टूबर महीने से पहले तैयार कर लिया जाएगा। मॉडर्न रेलवे स्टेशन पर आधुनिक एयरपोर्ट की तरह यात्रियों को सुविधा मिलेगी। उत्तर पश्चिमी रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैसलमेर रेलवे स्टेशन की मुख्य इमारत में बनने वाली जी-2 बिल्डिंग में 2 मंजिलों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बाकी एक मंजिल का काम 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ स्टाफ क्वार्टर, एमसीओ, पार्सल, क्रू लॉबी एवं अन्य विभाग की बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 3 की नई दीवार का निर्माण और प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर शेल्टर, एफओबी व एयर कॉनकोर्स के फाउंडेशन का काम पूरा हो गया है। फिलहाल प्लेटफार्म नंबर 1 पर फाउंडेशन का काम जोरों पर चल रहा है।



### हेरिटेज व आधुनिकता का दिखेगा समावेश

जैसलमेर स्टेशन पर लगभग 48 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकास किया जाएगा। स्टेशन पर 8327 वर्ग मीटर क्षेत्र में मुख्य स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। स्टेशन के निर्माण में राजस्थानी हेरिटेज और आधुनिकता के समावेश से इसे आकर्षक रूप दिया जाएगा। मुख्य स्टेशन बिल्डिंग में एंट्री और एग्जिट के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, 1000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में एयर कोनकॉर्स, कवर्ड प्लेटफार्म, लिफ्ट व ऐस्कलेटर की सुविधा, फुट ओवर ब्रिज, मॉडर्न सुविधाओं से सुसज्जित वेटिंग रूम, शॉपिग कॉम्पलेक्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज, उन्नत व मानक स्तर की लाइटिंग, फूड कोर्ट आदि का समावेश किया गया है।

### सौर ऊर्जा प्लांट भी होगा स्थापित

इसी तरह से स्टेशन पर पर्याप्त व व्यवस्थित पार्किंग सुविधा, दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाएं, संकेतक, शौचालय, बैगेज स्कैनर, मेटल डिटेक्टर और कोच गाइडेंस बोर्ड और ट्रेन इंडिकेटर आदि के साथ सभी प्रकार की आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस तरह से गोल्डन सिटी के नाम से मशहूर जैसलमेर में स्टेशन का पूरा पुनर्विकास इसकी भव्यता और आकर्षक बिल्डिंग को देखने से नजर आएगा। स्टेशन पुनर्विकास में बिजली की खपत में कमी के लिए ग्रीन बिल्डिंग आधारित सुविधाएं होगी, जो नवीन ऊर्जा के साथ कचरे का उचित निस्तारण, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि जैसे संसाधनों से बनी होगी। स्टेशन पर ग्रीन और पर्यावरण अनुकूल सौर ऊर्जा प्लांट भी स्थापित किया जाएगा।

## सेलिब्रेशन: गवर्नमेंट महिला पॉलिटेक्निक में यूथ फेस्टिवल 'आरोही' में बिखरे टैलेंट के रंग

# लाउड म्यूजिक, हूटिंग, लाजवाब क्रिएटिविटी और दमदार प्रस्तुतियों से कैंपस हुआ गुलजार

**बेधड़क** | जयपुर

गांधी नगर स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज का कैम्पस शुक्रवार को छात्राओं के टैलेंट से गुलजार रहा। कॉलेज के यूथ फेस्टिवल आरोही-2023 के दूसरे दिन शुक्रवार को कॉलेज की छात्राओं ने फैशन शो में जहां अपने अनूठे फैशन सेंस और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सोलो डांस परफोर्मेंसेज से कैम्पस में उल्लास का संसार रचा। प्राचार्य एवं विभागाध्यक्षों ने गत वर्ष विभिन्न अकादमिक परीक्षाओं में प्रथम तथा द्वितीय रही छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कॉलेज के कॉमर्शियल आर्ट विभाग की छात्राओं ने 'बी बोल्ड फॉर चेन्ज', ब्यूटी कल्चर विभाग की छात्राओं ने 'लाइफ जर्नी' एवं टैक्सटाईल डिजाइन विभाग की छात्राओं ने 'मदर ऑफ अर्थ' के संदेश के साथ मंच पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट विभाग की छात्राओं ने 'डोमेस्टिक वॉयलेंस' पर सवाल उठाए तो कॉस्ट्यूम डिजाइन एण्ड ड्रेस मेंकिंग विभाग की स्टूडेंट्स ने 'लव योर सेल्फ' थीम पर लाउड म्यूजिक के साथ फैशन शो की प्रस्तुति रेम्प पर दी। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट ने पार्टिसिपेंट छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कॉलेज के पांचों डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्स की चारों ब्रांचेज की छात्राओं ने 1990 के फिल्मी गीतों पर डांस प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सोलो सॉन्ग व ग्रुप डांस पेश कर दर्शकों की तालियां बटोरीं।

### फैशन शो में दिया सामाजिक सुधार का संदेश







### क्रिएटिव एक्टिविटीज में दिखी प्रतिभा

फेस्टिवल के पहले दो दिन में स्टूडेंट्स ने मेहंदी, फेस पेंटिंग, फोटोफ्रेम मेकिंग, ज्वेलरी मेकिंग, हैंगिंग प्लांट्स, डिबेट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पोएट्री, कुकिंग विद आउट फ्यूल, नेल आर्ट, रंगोली व स्ट्रीट प्ले जैसी क्रिएटिव एक्टिविटीज में अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्राओं ने इन एक्टिविटीज को जमकर एंजॉय किया। शनिवार को फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, फ्रेशर वॉक तथा विभिन्न विभागों की मिस फ्रेशर-2023 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।






## डांस में दिखी चंद्रयान की सफलता की कहानी

**जयपुर।** वर्धमान श्रीकल्याण इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आर्च कॉलेज ऑफ डिजाईन एंड बिजनस की फाउंडर एंड डायरेक्टर अर्चना सुराणा और जॉइंट कमिश्नर एसजीएसटी श्रीलेखा शर्मा शामिल हुईं। इस मौके पर वर्धमान ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशक नम्रता सेठिया, चेयरमैन डॉ. कमल सेठिया सहित विद्यालय की प्रिंसिपल आराधना पारीक की मौजूदगी में स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 'एपीजे अब्दुल कलाम की मंशा' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में नन्हे स्टूडेंट्स ने हकूना मटाटा, फॉक डांस, हेप्पी फैमिली, भांगड़ा बीट्स आदि प्रस्तुतियों में देश की रंग बिरंगी संस्कृतियों को मंच पर साकार किया। मिशन चंद्रयान की सफलता को डांस परफोर्मेंगस से साकार किया तो शहीद विक्रम बत्रा की वीरता व बलिदान को प्ले के माध्यम से साकार किया। इस अवसर पर स्कूल की मैगजीन का भी लोकार्पण किया गया।

## Yuva स्टोरीज



**हर दौर में संगीत ने सामाजिक दोषों पर किया है प्रहार |**

**जयपुर।** इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग की ओर से 'सॉन्ग्स ऑफ प्रोटेस्ट' विषय पर डॉ. प्रतिभा जैन स्मृति व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निकी चतुर्वेदी के स्वागत भाषण के बाद मुख्य वक्ता फिल्म इतिहासकार पवन झा ने 'प्रतिरोध के सिनेमाई सांगीतिक स्वर' विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया की सिनेमा से बड़ा सिनेमा का संगीत है, क्योंकि वह हमेशा लोगों की जुबां पर बना रहता है। भारतीय सिनेमाकारों ने हर दौर में संगीत के माध्यम से व्यवस्थागत कमियों पर प्रहार किया है। किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी वर्ग के प्रश्नों को संगीत के द्वारा व्यक्त किया गया है। ममता जेटली ने राजस्थानी लोकगीतों की रोचक प्रस्तुति से पूरे सभागार में जोश भर दिया। उन्होंने 'महिला आंदोलन के गीत' विषय पर चर्चा की और महिला-हिंसा, अनमेल-विवाह, बाल-विवाह, महिला शिक्षा इत्यादि से संबंधित लोकगीतों में व्याप्त संदर्भ को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जिज्ञासा मीणा ने किया। आयोजक सचिव डॉ. तमेघ पंवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




**IGNOU प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू |**

**जयपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने इग्नू प्रवेश परीक्षा-2024 पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश परीक्षा बीएड, बीएससी और पीएचडी डिग्री के लिए है। इच्छुक उम्मीदवार इग्नू प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए आधिकारिक वेबसाइट IGNOU.AC.IN पर पंजीकरण कर सकते हैं। इग्नू प्रवेश परीक्षा 2024 के पंजीकरण 31 दिसंबर को समाप्त होंगे। प्रवेश परीक्षा 7 जनवरी, 2024 को देश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली है। सभी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क 1000 रुपए निर्धारित है। भुगतान किसी भी भारतीय बैंक द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। वे अभ्यर्थी जिन्होंने 4-वर्षीय या 8-सेमेस्टर स्नातक डिग्री कार्यक्रम के बाद 1-वर्षीय या 2-सेमेस्टर मास्टर डिग्री कार्यक्रम पूरा कर लिया है या 3-वर्षीय या 6-सेमेस्टर स्नातक डिग्री कार्यक्रम के बाद 2-वर्षीय या 4-सेमेस्टर मास्टर डिग्री कार्यक्रम पूरा कर लिया है या कुल मिलाकर कम से कम 55% अंकों के साथ संबंधित वैधानिक नियामक संस्था द्वारा मास्टर डिग्री के समकक्ष डिग्री ली है, वे पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का स्नातक होना अनिवार्य है वहीं बीएससी के लिए 12वीं पास होना जरूरी है।

## संस्कृत अकादमी व पाण्डुलिपि शोध संस्थान की कार्यशाला

# युवाओं को मिलेगा लिपियों का प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर


राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं वैदिक हैरिटेज और पाण्डुलिपि शोध संस्थान जयपुर की ओर से 21 दिवसीय लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला की शुक्रवार को शुरुआत हुई। वैदिक हैरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान के समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस 21 दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को देश की प्राचीन लिपियों का इतिहास, उनकी वर्णमाला व प्राचीन लिपियों का प्रयोग करने, उनको पढने व लिखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण अलग-अलग लिपि विशेषज्ञ देंगे।



प्रशिक्षण कार्यशाला में ब्राह्मी, खरोष्ठी, नान्दिनागरी, नेवारी, शारदा, ग्रंथ, मैथिली आदि कई प्राचीन लिपियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 5 जनवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का माध्यम ऑनलाइन व ऑफलाइन होगा।

राजस्थान संस्कृत अकादमी की अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से आधुनिक समय में हम अपनी प्राचीन संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। अकादमी निदेशक डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि इस 21 दिवसीय लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन से निश्चित ही युवा पीढ़ी को एक नई दिशा मिलेगी और युवा अपने देश की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित होती रहनी चाहिए। कार्यशाला में पहले दिन विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान सम्मिलित हुए जिनमें गोपीनाथ पारीक, आशीत पंजा, गजानन्द शर्मा, डॉ. अंजना शर्मा, डॉ. प्रहलाद बुनकर, डॉ. ममता शर्मा आदि शामिल थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में सौ प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीयन करवाया है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्वानों का व प्रशिक्षणार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश शर्मा ने किया।

## अमित को मिलेगा 42वां माणक अलंकरण



**जयपुर।** जलते दीप समूह की ओर से रचनात्मक, गवेषणात्मक व आदर्श पत्रकारिता के लिए जयपुर के वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार अमित बैजनाथ गर्ग को साल 2023 के लिए माणक अलंकरण देने की घोषणा की गई है। अमित को 42वां माणक अलंकरण दिया जा रहा है। अमित को पुरस्कार स्वरूप 21 हजार रुपए की राशि, शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। अमित को विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित विविध विषयक खोजपूर्ण आलेखों के आधार पर यह पुरस्कार दिया जा रहा है। अमित के तीन काव्य संग्रह और दो गीतों ने भी पुरस्कार की निर्णायक समिति को प्रभावित किया। गौरतलब है कि अमित को इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मान हासिल हो चुके हैं। अमित मूलत: अलवर जिले के खेड़ली कस्बे के रहने वाले हैं और जयपुर में रहकर पत्रकारिता कर रहे हैं।

**क्रिएटिविटी** | **एमजीडी गर्ल्स स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव**

# छात्राओं ने टैलेंट से रची खूबसूरत आशाओं की दुनिया

**बेधड़क** | जयपुर

प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता व मैग्सेसे अवॉर्ड विजेता अरुणा रॉय ने शुक्रवार को एमजीडी गर्ल्ड स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया।

मौका था एमजीडी स्कूल के 80वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का। विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया और उनका पारंपरिक स्वागत किया। विद्यालय के चेयरपर्सन जयसिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अरुणा रॉय ने छात्राओं को समाज को नई दिशा देने और लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने जीवन में अहिंसा, शोषितों के लिए उदारता और न्याय के प्रति आग्रह को अपनाने पर जोर दिया। जयसिंह ने छात्राओं के प्रदर्शन को सराहते हुए एमजीडी विद्यालय की विरासत को आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन में छात्राओं के ऑर्केस्ट्रा ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति का समन्वय देखते ही बनता था। इस मौके पर विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

अतिथियों ने वार्षिक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और छात्राओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की। प्राचार्या अर्चना एस. मानकोटिया ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा विद्यालय में वर्षपर्यंत आयोजित की गई गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने अतिथियों तथा अभिभावकों का आभार जताया।

### 'कॉन्फ्रेंस ऑफ बड्‌र्स' ने बांधा समां



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण, पद्मभूषण से सम्मानित विख्यात नृत्यांगना मल्लिका साराभाई के निर्देशन में तैयार नृत्य नाटिका 'कॉन्फ्रेंस ऑफ बड्‌र्स ' थी, जो सूफी कवि फरीद्दुदीन अत्तर की लिखी कविता पर आधारित है। इसके द्वारा विद्यार्थियों ने सत्य को स्वयं की दृष्टि से पहचानने और अपने लिए सही मार्ग का चुनने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि इस नाटक में प्रयुक्त होने वाली वेशभूषा एवं मास्क भी विद्यालय की छात्राओं द्वारा ही तैयार किए गए थे। इस शानदार रंगारंग प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

### भजनलाल शर्मा ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

# भाजपा सफल रही जेनरेशन शिफ्टिंग और भरोसा जगाने में

सारे कयासों और अनुमानों से परे भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों में जिस तरह से सत्ता में वापसी की है। उसी तरह से तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री, दो-दो उप मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्षों के चौंकाने वाले नाम सामने आए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राजस्थान में 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्रियों के शपथ के साथ ही तीनों राज्यों में नई सरकारों का गठन हो गया है। संभवतः यह पहला मौका है जब सोशल इंजीनियरिंग के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में जमीनी कार्यकर्ता और पहली बार के विधायक भजनलाल को मुख्यमंत्री बनाकर देश दुनिया की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नया संदेश दे दिया है। पार्टी ने चुनावों से पहले ही मुख्यमंत्री के चेहरों के लिए सस्पेंस बनाए रखा और चुनाव परिणाम आते ही सोशल इंजीनियरिंग के साथ ही जेनरेशन शिफ्टिंग का काम भी बड़ी आसानी से कर दिखाया है।

चारों राज्यों में नए नेतृत्व के साथ ही नया संदेश दिया जा चुका है। तीनों राज्यों में चाहे छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव हों, चाहे मध्यप्रदेश के मोहन यादव हों या राजस्थान के भजनलाल शर्मा, तीनों का ही कहीं दूर-दूर तक नाम दिखाई नहीं दे रहा था। तीनों ही लगभग नए चेहरे हैं। अलबत्ता, राजस्थान की बात की जाए तो वह इस मायने में अलग हो जाती है कि राजस्थान में एक कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री के पद की कुर्सी पर बैठाकर ग्रासरूट के कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि यह भाजपा ही है, जिसमें कोई भी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित कर सकता है, क्योंकि सभी जानते हैं कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने लंबे समय तक राजस्थान में भाजपा के चार प्रदेश अध्यक्षों के साथ प्रदेश महामंत्री के रूप में पर्दे के पीछे जिस तरह से संगठन के लिए काम किया है और न दिन देखा ना रात देखी, अपितु संगठन को मजबूत और सक्रिय बनान में जुटे रहे। पार्टी ने ने भी उन्हें पहली बार ही सांगानेर विधानसभा से विधायक चुने जाने के बाद सीधे मुख्यमंत्री के गरिमामय व चुनौतीपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। यह निश्चित रूप से उनकी क्षमता और योग्यता व मेहनत को देखते हुए निर्णय लिया गया है, क्योंकि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 2024 के लोकसभा के चुनाव हैं और उसे देखते हुए ही बहुत सोच समझकर नवाचारी निर्णय लिए गए हैं। सबसे खास बात यह कि भाजपा नेतृत्व द्वारा काफी गहन अध्ययन-मंथन के बाद तीनों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों का नाम चुना है।

> राजस्थान में तो पेपरलीक, महिलाओं की सुरक्षा, 450 रुपए में गैस सिलेंडर, पिछले दिनों ही गोगामेड़ी की घर में हत्या जैसी घटनाएं गंभीर चुनौतियां है। एक तरफ हालात को सुधारना है तो दूसरी और कुछ निर्णय तो नई सरकार को तत्काल लेकर चुनावों के दौरान की गई घोषणाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश देना होगा।

इससे खासतौर से पार्टी की लोकतांत्रिक व्यवस्था और जमीनी कार्यकर्ताओं में विश्वास और भरोसा कायम हुआ है कि भाजपा नेतृत्व सीधे आम कार्यकर्ताओं से जुड़ाव रखता है और कार्यकर्ता की मेहनत, निष्ठा और प्रतिबद्धता से अनविज्ञ नहीं, अपितु विज्ञ रहता है और आम कार्यकर्ता को सत्ता की भागीदारी देने में किसी तरह की हिचक नहीं रखता। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो पार्टी के लिए कोई छोटा-बड़ा नहीं अपितु प्रत्येक कार्यकर्ता का अपना महत्व है। राजस्थान में भजनलाल के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही यह सिद्ध भी हो गया है। देखा जाए तो तीनों ही मुख्यमंत्रियों के सामने 2024 के चुनावों की चुनौती के साथ ही पिछली सरकार द्वारा विरासत में मिली प्रशासनिक, कानून व्यवस्था और वित्तीय हालातों के साथ ही चुनावों के दौरान दी गई मोदी की गारंटी की, मोदी है तो गारंटी है, कम समय में पूरा करना बड़ी चुनौती है।

हालांकि राज्य सरकार ने शपथ ग्रहण के दिन ही मोदी साधे राजस्थान विज्ञापन में 'आओ करें शुरुआत, राजस्थान के नव निर्माण की', के माध्यम से दे दी है। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह विज्ञापनीय संदेश नई सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और माना जाना चाहिए कि पहले दिन ही कुछ इस तरह के निर्णय कर लिए जाएंगे, जिससे जनता में सीधा व सकारात्मक संदेश जा सकेगा। राजस्थान के संदर्भ में बात करें तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पार्टी महामंत्री के रूप में कार्य करते हुए ग्रासरुट स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव और एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता के रूप में टीम को नेतृत्व देते हुए कार्य करने का लंबा अनुभव है और निश्चित रूप से इस अनुभव का लाभ मिलेगा। दूसरी ओर मंत्रिमंडल के गठन, मंत्रालयों का वितरण, प्रशासनिक ढांचे की रिशप्लिंग का चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिससे लोकसभा चुनावों से पहले जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का संदेश प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सके। आगामी तीन-चार माह सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। आशा की जानी चाहिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल अपने संगठनात्मक अनुभव का लाभ उठाते हुए राजनीतिक व प्रशासनिक टीम तैयार कर राजस्थान को अग्रणी प्रदेश की श्रेणी में ले जाने की दिशा में आगे लाएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल को जन्मदिन के अवसर पर इससे बढ़कर दूसरा कोई तोहफा हो ही नहीं सकता।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### नई सरकार से नई उम्मीद

# मिले जल समृद्ध प्रदेश बनने की गारंटी



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार



राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नई भाजपा सरकार ने सत्ता की बागडोर संभाल ली है। पिछले चुनावों की तुलना में यह चुनाव कहीं ज्यादा अहम रहा है, क्योंकि इन चुनावों के चार-पांच माह बाद ही लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान में इन चुनावों में भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच खूब वार-पलटवार हुए।

दोनों ओर से वादों और गारंटियों का खेल भी खूब चला। भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद यदि चुनाव पूर्व की गारंटियों पर गौर करें तो भाजपा की नई सरकार की दिशा क्या होगी, यह भी साफ नजर आ रही है, लेकिन एक गारंटी है जिसे पूर्ववर्ती गहलोत सरकार भी देना भूल गई थी और भाजपा भी। वह गारंटी है- राजस्थान को जल समृद्ध राज्य बनाने की गारंटी। राजस्थान को एक अग्रणी राज्य बनाने के लिए अन्य क्षेत्रों में तीव्र विकास के साथ इस प्यासे प्रदेश को जल समृद्ध राज्य बनाना बहुत अहम है। यह गारंटी कृषि और पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य के विकास के लिए संजीवनी साबित हो सकती है।

> राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों में भाजपा की सरकार हैं और नया नेतृत्व है, इसलिए नई पहल को आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस परियोजना के दायरे में मूलरूप से सवाईमाधोपुर, अजमेर,टोंक, जयपुर, दौसा, झालावाड, बारां, कोटा, बूंदी, करौली, अलवर, भरतपुर, धौलपुर आदि जिले शामिल हैं। इन जिलों में प्रदेश की करीब 40-41 प्रतिशत आबादी रहती है।

राजस्थान में पानी की कमी के दर्द को सदियों से प्रचलित इस कहावत से समझा जा सकता है कि घी ढुळे तो ढुळबा दे, पाणी न ढुळणो चाइजै। यहां पानी को घी से बढ़कर आंका गया। अनमोल है जल यहां। हालांकि आजादी के बाद हालात बहुत बदल गए हैं। अब इंदिरा गांधी नहर और चंबल की नहरों ने इसके दो अंचलों क्रमशः हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर और हाड़ोती को अन्न का कटोरा बना दिया है। अब तो इंदिरा गांधी नहर का पानी जैसलमेर तक पहुंच गया है। जहां, रेगिस्तान में मिले तेल भंडार समृद्धि की नई इबारत लिखने को तैयार हैं, लेकिन ज्यों-ज्यों सतही जल से प्रदेश समृद्ध होता जा रहा है, इसके भूमिगत जल भंडार रीते होते जा रहे हैं और यह भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। पिछले चार दशकों में ज्यों-ज्यों राज्य के विद्युतीकरण में विस्तार हुआ, खेतों में कुओं और नलकूपों की संख्या भी बढ़ती गई। खेती के लिए बेतहाशा जलदोहन होने लगा। कृषि उत्पादन बढ़ने लगा, परन्तु भूमिगत जलस्तर नीचे जाने लगा। शेखावाटी अंचल का ही उदाहरण ले लें, जहां पहले साठ सत्तर फीट पर पानी आ जाता था, अब नलकूप 300 फीट से अधिक गहराई तक चले गए हैं और वहां पर भी जवाब देने लगे हैं। मोटे तौर पर माना जाता है कि राज्य के 295 भूजल ब्लॉक में से 184 अतिदोहन की श्रेणी में आ चुके हैं। यानी आधे से अधिक प्रदेश अब जल संकट की ओर हैं। इसलिए प्रदेश के लिए एक ऐसी जल नीति तैयार करने की जरूरत है, जिसके मूल में यह हो कि आसमान से गिरी हर बूंद का संग्रह होगा। यदि नई सरकार इस संकल्प और गारंटी के साथ आगे बढ़े तो यह राजस्थान के लिए वरदान साबित हो सकती है। नदी, नालों व बांधों के संरक्षण व सुरक्षा पर युद्धस्तर पर काम किया जाए ताकि जल समृद्धि की नई राह खुल सके। हमारी जल परियोजनाएं प्रदेश की जल समृद्धि की बुनियाद बन सकती हैं।

पिछले चार पांच सालों से सियासी विवादों में उलझी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना यानी ईआरसीपी राज्य को जलसंकट से मुक्ति दिलाने की दृष्टि से अहम है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए काफी प्रयास किए हैं, लेकिन इसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित नहीं किया जा सका और काम गति नहीं पकड़ सका। इस परियोजना के कुछ पहलुओं को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के बीच विवाद भी रहा। अब चूंकि प्रदेश में डबल इंजन सरकार आ चुकी है तो, इस परियोजना में अभी तक सामने आ रही बाधाओं को दूर कर इसे धरातल पर लाने के लिए युद्धस्तर पर काम होना चाहिए। इंदिरा गांधी नहर और चंबल सिंचाई परियोजना की तरह ही ईआरसीपी राजस्थान में हरित क्रांति का नया दौर शुरू कर सकती है। मूलरूप से ईआरसीपी राज्य के 13 जिलों से होकर गुजरने वाली थी।

अब जिलों का भूगोल बदलने के बाद परियोजना के दायरे में आने वाले जिलों की संख्या घट-बढ़ सकती है। बाकी तो इसे धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश के राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति पर ही निर्भर करेगा। परियोजना को लेकर जो भी तकनीकी या अन्य बाधाएं हैं, अब उनको दूर करने का बेहतरीन अवसर है। राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों में भाजपा की सरकार हैं और नया नेतृत्व है, इसलिए नई पहल को आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस परियोजना के दायरे में मूलरूप से सवाईमाधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, करौली, अलवर, भरतपुर, धौलपुर आदि जिले शामिल हैं। इन जिलों में प्रदेश की करीब 40-41 प्रतिशत आबादी रहती है। यद्यपि कोटा-बूंदी जिले में पहले से ही चंबल की नहरों का जाल बिछा है, लेकिन मध्य प्रदेश से बहकर राजस्थान में आने वाली नदियां प्रदेश के लिए नदी जल का अहम स्रोत हैं। ये नदियां हाड़ोती को जल समृद्ध बनाती हैं और उनका पानी ईआरसीपी के लिए प्राणवायु बनेगा।

अतः इस परियोजना के धरातल पर उतरने पर एक ओर जहां राज्य के एक बहुत बड़े हिस्से को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी, वहीं भूमिगत जल स्तर बढ़ाने में भी यह कारगर साबित हो सकती है। राज्य के लिए कृषि और जल समृद्धि की नई राह खुल सकती है। इसलिए जरूरी है कि राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठकर इस परियोजना पर काम हो। राजस्थान के लिए पंद्रह दिन बाद शुरू हो रहा नया साल, जल वर्ष और अगला दशक जल समृद्धि का दशक हो तो प्रदेश के विकास को नई दिशा मिल सकती है। उम्मीद है कि राज्य की नई सरकार इस दिशा में कोई सार्थक पहल करेगी। पहले एक दशक में यह प्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में चिरंजीवी बनकर उभरा है, नए दशक में जलश्री बनकर उभरे ताकि कोई यह नहीं कहे कि घी ढुळे तो ढुळबा दें, पाणी न ढुळणों चाइजै।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# रामजी कहीं गंगा भी मैली न हो जाए!



डॉ. प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

सुना आपने रामजी, आपकी गंगा तो मैली होती जा रही है। आखिर कब तक पापियों के पाप धोते रहेंगे और फिर क्या पापियों के पाप गंगाजी में गोते लगाने भर से ही धुल जाएंगे! आपने भी तो शायद संकल्प ले रखा है कि सभी पापियों के पाप उजागर करके रख देंगे। और जो आपकी गंगा में डुबकी लगा लेगा, वह तर जाएगा! आपने तो कई तरह की गारंटी भी ली हुई हैं, लेकिन फिर भी मन में ढेर सारी आशंकाएं बनी हुई हैं, आशंकाएं निर्मूल भी नहीं लगती हैं, क्योंकि जिन्हें पाप करने की लत लग जाती है वे सौ चूहे खाकर भले ही हज कर आएं उनकी स्थिति टेड़ी पूंछ की तरह ही रहेगी। वे उस पूंछ की मानिंद ही रहेंगे जिसको भोंगली में रखने के बाद भी टेड़ी की टेड़ी ही रहना है। कई भक्त प्रश्न खड़े कर रहे हैं कि गंगा स्नान कर लेने के बाद क्या ऐसे पापियों के सब गुनाह माफ़ हो जाते हैं! अब रामजी आप ही बताएं कि ऐसे प्रश्नकर्ताओं को मैं क्या जवाब दूं।

रामजी आपकी गंगा आखिर कब तक स्वच्छ और पावन रह पाएगी! माना कि अपने उद्गम काल और स्थल में सभी नदियां पवित्र पावन ही रहती आई हों लेकिन उनकी पवित्रता का ध्यान भी तो रखना होगा। आखिर चूक कहां हो रही है। पापियों को पाप करने की छूट देकर उनके पाप महज डुबकी लगवाकर हर लेने की सोच को तो बदलना होगी न! अभी तो हाल यह है कि हरेक पापी को जब लगता है कि अब और कोई ठौर-ठिकाना नहीं है, अपने बचने की कोई राह नहीं है तो वह नारकीय यातनाओं से बचने और स्वर्गिक आनन्द की खातिर दौड़ पड़ता है रामजी आपकी गंगाजी में डुबकी लगाने को।

आपके पंडों ने भी तो कहां कोई कोर कसर बाकी रख छोड़ी है! उन्होंने उनके सारे पाप उभार कर सामने रख दिए हैं और लगता है कि उनका लक्ष्य भी यही है कि उनके सबके पाप उजागर करके रख दो और वे सब आपकी शरण में आकर एक बार गंगा में डुबकी लगा लें। पाप उजागर करना तो अच्छी बात है लेकिन पाप से मुक्ति तो तभी मिलेगी जब वे प्रायश्चित कर लेंगे। किन्तु शायद उन्हें यह बता दिया गया है कि पाप से मुक्ति का एकमात्र मार्ग रामजी की गंगा में डुबकी लगाना ही शेष रह जाता है, और कोई विकल्प सामने न दिखाई दे तब हर किसी को यही लगता है कि बस पवित्र पावन गंगा में आकर डुबकी लगा लो और पाप मुक्त हो जाओ।

हर तरह की गंदगी समेटे नदी-नाले सभी तो उसी में जाकर खुद पर पवित्र हो जाने का ठप्पा लगवा रहे हैं और जो उसमें नहीं मिल पा रहे हैं, उनके पाप रह-रहकर कचोट रहे हैं, उभरकर सामने आ रहे हैं। गंगा घाट के पंडे भी तो बता रहे हैं कि दूसरी नदियों में डुबकी लगाने से किसी के पाप धुलने वाले नहीं हैं। उन्हें तरने के लिए तो गंगा में ही आकर डुबकी लगानी होगी। गंगा घाट के पंडों को खुद ही इस बात का आभास नहीं हो पा रहा है कि पापियों के पाप धोते-धोते खुद गंगा ही मैली होती जा रही है और फिर पंडे भी कौन से पवित्र आत्मा बनकर रह पाए हैं। आप भले ही मानकर चल रहे हों कि गंगाजी ही पूर्ण रूप से पवित्र पावन है, लेकिन विचारणीय बात यह भी है कि आखिर कब तक वह पापियों के पाप धोते-धोते पवित्र पावन रह पाएगी! पहले तो गंगा माई में समाहित गंदगी को मिटाने का संकल्प लिया जाना चाहिए। किन्तु इसकी संभावना कम ही दिखाई देती है। फिर भी रामजी हमारी चिंता तो गंगा के मैली हो जाने की है। दूसरों के पाप धोने के चक्कर में जमाने भर की गंदगी और पाप खुद में समा लेने की स्थिति में कहीं ऐसा न हो कि गंगा खुद ही मैली हो जाए।

### नॉलेज कॉर्नर: मुंह में रखते ही घुल जाती है

# खास है भरतपुर की वर्ल्ड फेम गजक!

आमतौर पर सर्दी का मौसम शुरू होते ही उत्तर भारत में गजक का कारोबार शुरू हो जाता है। उत्तर भारत के आगरा, लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, रोहतक, दिल्ली, पाली, बीकानेर, भरतपुर में गजक का करोड़ों रुपए का कारोबार होता है। गजक के कारोबार से लाखों लोगों को रोजगार भी मिलता है। बात करें राजस्थान के भरतपुर जिले की कुटैमा गजक की तो उसका स्वाद देश में ही नहीं विदेशों में भी अपनी अलग पहचान रखता है। वैसे तो देश में कई जगह गजक बनती है। भरतपुर की गजक अपनी खासियत के लिए जानी जाती है, जिसे मुंह में रखते ही घुल जाती है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इस गजक के बारे में...

#### बिना दांत वाले भी ले सकते हैं आनंद

भरतपुर शहर में कुटैमा गजक कई जगह तैयार की जाती है। भरतपुर के एक मशहूर गजक व्यापारी के मानें तो इस गजक को बनाने के लिए सबसे पहले गुड़ की चासनी तैयार की जाती है। उसके बाद गरम-गरम चाशनी को एक खूंटी पर लटका कर खींचा जाता है। कुछ समय बाद इसमें तिल मिलकर जमकर इसकी कुटाई की जाती है और गोल-गोल टिक्की तैयार की जाती हैं। भरतपुर में तैयार की गई गजक बहुत ही सॉफ्ट होती है। गजक की टिक्की उठाने से ही टूट जाती है और



गजक का टुकड़ा मुंह में डालते ही घुल जाता है। भरतपुर की गजक का स्वाद बिना दांत वाले भी भरपूर लेते हैं। भरतपुर की प्रसिद्ध कुटैमा गजक बनाने का आइडिया एक ग्राहक की शिकायत के बाद आया था। बताया जाता है कि लगभग 60 साल पहले यहां के व्यापारी गुड़ और तिल की साधारण गजक बनाकर बेचा करते थे।

#### ऐसे हुई शुरुआत

एक दिन किसी ग्राहक ने शिकायत की थी कि उनके दांत में गजक का तिल फंस गया, जिससे गजक का स्वाद भी खराब हो गया। उस गजक बनाने वाले ने तभी से गजक को कुटैमा बनाना शुरू कर दिया कि न तो तिल साबुत रहेंगे और न ही किसी के दांतों में फसेंगे। तभी से यह कुटैमा गजक बनती आ रही है। लकड़ी के हथौड़े से कूट-कूटकर गजक को तैयार किया जाने लगा और जिसे देश-विदेश में काफी लोग पसंद करने लगे। इस प्रकार भरतपुर की गजक दुनियाभर में मशहूर हो गई। बाजार में लगभग 14 तरह की गजक उपलब्ध है गजक बनाने वाले कारीगर नए - नए प्रयोग कर नई तरह की गजक बना रहे है. भरतपुर म सुपर शाही गजक जिसमे तिल की मात्रा से अधिक बादाम ,केसर ,पिस्ता को मिलकर कूटा जाता है।

#### विदेशों में भी होती है सप्लाई

*भरतपुर से कुटैमा गजक को इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब,पाकिस्तान, कनाडा, अमेरिका में भेजा जाता है. देश में भी कई राज्यों से भरतपुर की कुटैमा गजक की डिमांड खूब रहती है। गजक बनाने के लिए खासतौर पर उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फर नगर से गुड़ मंगवाया जाता है।* 

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**भजनलाल शर्मा,** मनोनीत मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
यह शपथ है अनवरत विकास की!
यह शपथ है अटूट विश्वास की!
यह शपथ है निरंतर सेवा की!
यह शपथ है वीर भूमि के गौरव बढ़ाने की!



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
गुरु की मौलिक भूमिका शिक्षा और मार्गदर्शन देना नहीं है, बल्कि आपकी ऊर्जा को एक अलग संभावना में प्रज्वलित करना है।

### लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने लगी पार्टियां: कांग्रेस-भाजपा कर रही हैं रैलियों की तैयारियां

# कांग्रेस 28 को नागपुर में रैली से करेगी लोकसभा चुनाव का शंखनाद

■ खरगे, सोनिया और राहुल गांधी करेंगे संबोधित

**एजेंसी** | नागपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी 28 दिसंबर को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक रैली को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि इस रैली से कांग्रेस लोकसभा चुनाव-2024 का शंखनाद भी करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक की उपस्थिति में महाराष्ट्र में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक बैठक हुई। बैठक में महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले, राज्य के पूर्व मंत्री बालासाहेब थोराट, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और पृथ्वीराज चव्हाण समेत अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। वेणुगोपाल ने पत्रकारों से कहा, 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी नागपुर में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे।



### भाजपा के शासन में दो बार हुए संसद पर हमले

इस बीच वेणुगोपाल ने बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद पर दो बार हमला हुआ है। दोनों बार यह हमला तब हुआ जब केंद्र में भ्ररजनर की सरकार रही। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश को पता है कि संसद के भीतर क्या हो रहा है? कांग्रेस नेता ने यह भी सवाल किया कि भाजपा सांसद सांसद प्रताप सिम्हा पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन से जनता परेशान हो गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी का केरल दौरा 2 जनवरी को

## महिलाओं की सभा को करेंगे संबोधित

**एजेंसी** | त्रिशूर (केरल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो जनवरी को यहां एक 'विशाल सभा' को संबोधित करेंगे। पार्टी का दावा है कि इसमें विभिन्न क्षेत्रों की दो लाख महिलाएं शामिल होंगी।

केरल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने शुक्रवार को कहा कि इस कार्यक्रम का नाम स्त्री शक्ति समागमम रखा गया है और इसका आयोजन प्रदेश इकाई ने संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने के लिए किया है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, मनरेगा और सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाएं यहां थेक्किनकाडु मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। सुरेंद्रन ने दावा किया कि इसमें दो लाख महिलाएं शामिल होंगी और दक्षिणी राज्य में किसी अन्य राजनीतिक दल ने महिलाओं की इतनी व्यापक मौजूदगी वाले कार्यक्रम का आयोजन कभी नहीं किया है।

### गृह मंत्री के साथ बैठक अब सोम या मंगल को: पवार



**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि उनकी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ शाम के वक्त एक बैठक थी, जो अब स्थगित हो गई है। पवार ने नागपुर में विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें केन्द्रीय गृह मंत्री से संदेश मिला है कि किसी जरूरी काम के कारण वह उनसे शुक्रवार शाम को मुलाकात नहीं कर सकेंगे। शाह ने सोमवार अथवा मंगलवार को मुलाकात करने को कहा। पवार ने बताया, हमने सोमवार को मुलाकात का वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों ने मंत्रिमंडल की बैठक में प्याज और इथेनॉल समेत पांच प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

### PM की डिग्री का मामला: केजरीवाल की याचिका खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के संबंध में उनकी टिप्पणियों पर उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा चलाने को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की पूर्व मंजूरी की आवश्यकता नहीं है, जैसा कि प्रतिवादी ने तर्क दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि सरकार की मंजूरी के बिना उनके ऊपर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि कानून के अनुसार वह एक लोक सेवक हैं।

### नाबालिग से बलात्कार का नौ साल पुराना मामला

# BJP विधायक गोंड को 25 साल कैद की सजा, जाएगी विधायकी

**एजेंसी** | सोनभद्र (उप्र)

सोनभद्र की एक एमपी-एमएलए अदालत ने शुक्रवार को दुद्धी विधानसभा क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट) से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को एक नाबालिग लड़की से नौ साल पहले बलात्कार करने के मामले में 25 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना तय है।

दरअसल जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार, कोई भी जनप्रतिनिधि को दो या उससे अधिक साल की कैद होने पर 'दोषसिद्धि' की तारीख से सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य माना जाएगा। इतना ही नहीं, सजा पूरी होने के बाद अगले छह साल के लिए वह सदन की सदस्यता के लिए पात्र नहीं होगा।

एमपी/ एमएलए अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ए डी जे) एहसान उल्लाह खान ने अभियुक्त पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया जो पीड़िता के पुनर्वास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने 12 दिसंबर को विधायक को दोषी करार दिया था और सजा सुनाने के लिए 15 दिसंबर की तारीख तय की थी। फैसला सुनाए जाने से पहले गोंड के वकील ने कम से कम सजा देने का आग्रह किया और अदालत को यह भी आश्वासन दिया कि बलात्कार पीड़िता के परिवार की पूरी देखभाल आरोपी द्वारा की जाएगी।



#### नवंबर 2014 की है घटना

त्रिपाठी ने बताया कि यह घटना चार नवंबर 2014 की है जिसमें भारतीय दंड संहिता की धाराओं 376 (दुष्कर्म), 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के प्रावधानों के तहत विधायक पर मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के समय विधायक की पत्नी ग्राम प्रधान थीं। पीड़ित लड़की के भाई की तहरीर पर म्योरपुर थाना की पुलिस ने रामदुलार गोंड मामला दर्ज किया था। गोंड उस समय विधायक नहीं थे और मामले की सुनवाई पोक्सो अदालत में चल रही थी। गोंड के विधायक निर्वाचित होने के बाद मामले की सुनवाई सांसद/विधायक (एमपी/ एमएलए) अदालत में स्थानांतरित कर दी गई।

### अदालत में गर्दन झुकी थी गोंड की

खचाखच भरी हुई अदालत में जब सजा सुनाई गई तो गोंड की गर्दन झुकी हुई थी और वह उदास थे। दूसरी तरफ पीड़िता के भाई ने अदालत के निर्णय पर संतोष जताते हुए कहा कि लंबे संघर्ष और उतार-चढ़ाव के बाद अंततः उन्हें न्याय मिला। उत्तर प्रदेश में इसके पहले भी कई जनप्रतिनिधियों को अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी।

#### यूपी: इनकी भी गई सदस्यता

- नफरत भरे भाषण मामले में अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद अक्टूबर 2022 में रामपुर के सपा के विधायक आजम खान और फरवरी 2023 में सरकारी काम में रुकावट पैदा करने एवं धरना-प्रदर्शन मामले में सजा सुनाए जाने के बाद स्वार के उनके विधायक पुत्र अब्दुल्ला आजम को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया था।
- 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के एक मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाए जाने के बाद मुजफ्फरनगर के खतौली के भाजपा विधायक विक्रम सिंह सैनी को अक्टूबर 2022 से उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।
- भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 2020 में उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सेंगर को पहले ही भाजपा ने निष्कासित कर दिया था। उन्हें बलात्कार के एक मामले में दोषी ठहराया गया था।
- मई 2023 में उत्तर प्रदेश की एक अदालत द्वारा अपहरण और हत्या के मामले में चार साल कैद की सजा सुनाए जाने के बाद गाजीपुर के बसपा सांसद अफजाल अंसारी को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।
- वर्ष 2009 में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद मित्रसेन यादव को एक अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में सात वर्ष की सजा सुनाई जिसके बाद उन्हें संसद सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किया गया था।

### अयोग्यता याचिकाओं का मामला

## विधानसभाध्यक्ष को फैसला 10 जनवरी तक करने का निर्देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए 10 जनवरी तक का समय दिया है। इन याचिकाओं में शिवसेना के दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष से अयोग्यता याचिकाओं पर 31 दिसंबर तक फैसला करने को कहा था। न्यायालय ने अब इस अवधि को बढ़ाकर 10 जनवरी, 2024 तक कर दिया है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे. बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, अध्यक्ष ने संकेत दिया है कि कार्यवाही 20 दिसंबर को बंद कर दी जाएगी और अध्यक्ष ने आदेश की घोषणा के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। सुनवाई के दौरान विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समयसीमा तीन सप्ताह के लिए और बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उनके समक्ष लगभग 2.71 लाख पृष्ठ के दस्तावेज दाखिल किए गए हैं।

#### दोनों गुटों की याचिकाओं पर हो रही सुनवाई

उच्चतम न्यायालय शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राकांपा के शरद पवार गुट द्वारा दाखिल दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। इन याचिकाओं में कुछ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने 18 सितंबर को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के लिए समयसीमा बताएं। शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट ने जून, 2022 में महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया था।

### दिल्ली विधानसभा: आप विधायकों ने भाजपा को घेरा

## नारेबाजी के बाद कार्यवाही स्थगित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार को उस समय स्थगित कर दी गई जब आम आदमी पार्टी (आप) विधायक भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आसन के पास पहुंच गए। आप विधायकों का आरोप है कि भाजपा एमसीडी कर्मचारियों के नियमितीकरण का विरोध कर रही है। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर, दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों के नियमितीकरण में भाजपा द्वारा कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर नियम 55 के तहत अल्पकालिक चर्चा हुई। आप विधायक और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा, 'एमसीडी में 15 साल तक सत्ता में रहने के दौरान भाजपा जो नहीं कर सकी, उसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केवल छह महीने में पूरा किया है। पाठक ने आप के नेतृत्व वाली एमसीडी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें नागरिक निकाय के कर्मचारियों को नियमित करना और महीने के पहले दिन वेतन का वितरण शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एमसीडी कर्मचारियों के नियमितीकरण का विरोध करती है और इस मुद्दे पर अदालत का दरवाजा भी खटखटाया है। आप के अन्य विधायकों ने भी नगर निकाय में की गई पहल को लेकर केजरीवाल की प्रशंसा की।



### 'फ्लॉप शो' के डर से जद (यू) ने रैली रद्द की: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को जनता दल (यू) के उस दावे को खारिज कर दिया कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रस्तावित रैली की अनुमति नहीं दी।

पार्टी ने साथ ही यह दावा भी किया कि जद (यू) ने नीतीश की रैली को इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि उसे यह महसूस हो गया था कि यह कार्यक्रम 'फ्लॉप शो' साबित होगा। जद (यू) ने एक दिन पहले दावा किया था कि उसे रैली की अनुमति नहीं दी गई थी।

### कांग्रेस सांसद के खिलाफ प्रदर्शन




**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस सांसद धीरज साहू के खिलाफ प्रदर्शन करते विपक्ष के विधायक।

### मराठा आरक्षण पर फिर गरमाई सियासत

# मंत्री कल तक बताएं आरक्षण की मांग पर अब तक क्या किया: जरांगे

■ आरक्षण पर 24 दिसंबर की समय सीमा तय की थी जरांगे ने

**एजेंसी** | छत्रपति संभाजीनगर

आरक्षण की मांग उठाने वाले कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शुक्रवार को कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों से मिलने के लिए जालना के अंतरवाली सरती में आए महाराष्ट्र के मंत्रियों को 17 दिसंबर से पहले बताना होगा कि उन्होंने आरक्षण की मांग के बारे में क्या किया है। ज्ञात रहे कि उनके अनशन को समाप्त करवाने के दौरान कई मंत्रियों ने आरक्षण विरोध स्थल अंतरवाली सरती में उनसे मुलाकात की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को न्याय देगी। जरांगे ने कहा कि समुदाय को लगता है कि उसे मूर्ख बनाया जा रहा है। जरांगे मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर अगस्त-सितंबर में और फिर अक्टूबर में दशहरे के बाद भूख हड़ताल पर बैठे थे। उन्होंने मराठा समुदाय के लिए कुनबी प्रमाण पत्र मांगा था, कुनबी राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का हिस्सा हैं। जरांगे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मंत्री अतुल सावे, धनंजय मुंडे, उदय सामंत और अन्य जो अंतरवाली सरती में आए थे। जरांगे ने दावा किया, हम एक और आंदोलन का आह्वान करेंगे, तो पीछे नहीं हटेंगे। जरांगे ने दो नवंबर को अपना अनशन समाप्त करते हुए मराठों को आरक्षण देने के लिए सरकार के सामने 24 दिसंबर की समय सीमा तय की थी।



### आंदोलन के दौरान हिंसा की एसआईटी करेगी जांच: फडणवीस

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन के दौरान बीड जिले में हुई आगजनी की घटना की जांच के लिए दो दिन में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा और उन्होंने संकल्प जताया कि इस हिंसा में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बीड जिले में हुई हिंसा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो विधायकों के घरों को भी जला दिया गया था। नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन अक्टूबर के अंत में हिंसक हो गया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मध्य महाराष्ट्र के बीड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायकों संदीप क्षीरसागर और प्रकाश सोलंके के घरों को आग लगा दी थी और सोलंके के घर में तोड़फोड़ भी की गई थी। फडणवीस ने कहा कि घटना में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। संदिग्ध व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए कार्रवाई योग्य सबूत उपलब्ध हैं। जांच में प्रगति हुई है, लेकिन मैं सदन की मंजूरी से एक एसआईटी का गठन करूंगा।



### दाउद के सहयोगी के साथ पार्टी, एसआईटी करेगी जांच

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने एक डांस पार्टी से जुड़े मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की शुक्रवार को घोषणा की। इस डांस पार्टी में गैंगस्टर दाउद इब्राहिम का सहयोगी व 1993 के मुंबई बम विस्फोट का दोषी सलीम और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता कथित तौर पर एक साथ मौजूद थे। शिवसेना (यूबीटी) के नेता सुधाकर बडगुजर ने नासिक में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आरोपों को खारिज कर दिया। भाजपा के विधायक नितेश राणे ने यहां विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने एक तस्वीर दिखाई, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) की नासिक शहर इकाई के प्रमुख बडगुजर और सलीम कुत्ता साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं।

## जरूरी खबर

### मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई तीन जनवरी तक स्थगित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को अगले साल तीन जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश एसवीएन भट्टी की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी को बताया कि उसने मामले की फाइल नहीं देखी है और पीठ सर्दियों की छुट्टियों के बाद इस पर सुनवाई करना चाहती है। आचार समिति की रिपोर्ट को मंजूर किए जाने के बाद सोमवार को तृणमूल नेता को सदन से निष्कासित कर दिया गया। इसके विरोध में मोइत्रा ने शीर्ष अदालत का रुख किया है।

### धोनी की याचिका पर पूर्व आईपीएस को कारावास



**चेन्नई।** मद्रास हाई कोर्ट ने भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी जी संपत कुमार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में शुक्रवार को 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, न्यायाधीश एस एस सुंदर और न्यायाधीश सुंदर मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके।

### मणिपुर में हिंसा: 8 माह बाद दफनाए गए 19 शव

**इंफाल/चूराचांदपुर।** मणिपुर में जातीय हिंसा में मारे गए कुकी जो समुदाय के 19 लोगों को मृत्यु के आठ महीने बाद राज्य के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार को दफना दिया गया। फाईजांग गांव में कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) द्वारा आयोजित सामूहिक अंतिम संस्कार में पीड़ितों के मित्र एवं रिश्तेदार शामिल हुए। ज्वाइंट फिलेन्थ्रापिक ऑर्गेनाइजेशंस के संयोजक लालदॉनलियान वर्ते ने कहा कि जनजातीय समुदाय के 87 अन्य सदस्यों के शव 20 दिसंबर को चूराचांदपुर जिले में दफनाए जाएंगे। 19 पीड़ितों के शव इंफाल में करीब आठ महीने से शवगृह में थे। आखिरकार सम्मानजनक तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## विजय दिवस समारोह...सेना ने दिखाया कौशल







**कोलकाता।** विजय दिवस समारोह के तहत शुक्रवार को कोलकाता में सेना की ओर से मिलिट्री टेटू शो आयोजित किया गया। इस दौरान हेलिकाप्टर से उतरने के अपने कौशल का प्रदर्शन करते सैनिक तथा विक्टोरिया मेमोरियल के ऊपर से उड़ान भरता एक हेलिकाप्टर।

### शाही ईदगाह: हाई कोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष के उस मौखिक अनुरोध पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से सटे शाही ईदगाह मस्जिद के परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का आग्रह किया गया था। हाई कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद के परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त करने की मांग करने वाली याचिका गुरुवार को स्वीकार कर ली थी। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने मथुरा अदालत में लंबित विवाद से संबंधित सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित करने संबंधी उच्च न्यायालय के 26 मई के आदेश को चुनौती देने वाली शाही मस्जिद ईदगाह की याचिका पर सुनवाई नौ जनवरी तक के लिए टाल दी।

### संसद की सुरक्षा में चूक: मुख्य साजिकर्ता झा सात दिन के रिमांड पर

# पुलिस का दावा: आरोपी फैलाना चाहते थे देश में अराजकता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार ललित झा को शुक्रवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि झा इस घटना का मुख्य साजिशकर्ता है।

पुलिस ने अदालत में यह भी कहा कि झा ने खुलासा किया कि वे (आरोपी) देश में अराजकता पैदा करना चाहते थे ताकि वे सरकार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर कर सकें। उसने बड़ी साजिश के तहत उन्हें छुपाने और सबूत नष्ट करने के लिए अन्य आरोपियों के फोन ले लिए। उसने खुलासा किया कि जयपुर से दिल्ली जाते वक्त रास्ते में उसने अपना फोन फेंक दिया था। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने अभियोजन पक्ष द्वारा दाखिल अर्जी पर झा को दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उससे पूछताछ की जरूरत है। सुनवाई के दौरान अभियोजक ने अदालत को बताया कि झा को गुरुवार की रात गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उससे विस्तृत पूछताछ की गई। पुलिस ने कहा कि उससे उस फोन के बारे में पूछताछ करने की जरूरत है जिसका वह इस्तेमाल कर रहा था और अभी तक उसका पता नहीं चला है।



#### आरोपियों ने कई बार की थी मुलाकात

पुलिस ने दावा किया कि झा ने स्वीकार किया है कि आरोपियों ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की साजिश रचने के लिए कई बार मुलाकात की। पुलिस ने कहा कि हमले की बड़ी साजिश, अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता और हमले के पीछे के वास्तविक मकसद का पता लगाने के लिए गहन जांच के लिए झा से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। इसके अलावा, यह पता लगाने के लिए भी उससे पूछताछ की आवश्यकता है कि क्या आरोपी का किसी दुश्मन देश या आतंकवादी संगठन से कोई संबंध तो नहीं है।

#### जूते में छिपाकर लाए धुआं फैलाने वाला 'केन'

लोकसभा कक्ष में 'केन' से धुआं फैलाने वाले दो युवक अपने जूतों के बाएं सोल को काटकर बनाई गई जगह में रखकर इन्हें (केन) लाए थे। दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी में यह बात कही गई है। मनोरंजन डी और सागर शर्मा नाम के ये युवक लोकसभा में जिन पर्चों को लेकर आए थे, उनमें तिरंगे की पृष्ठभूमि में मुट्ठी की तस्वीर थी और मणिपुर की हिंसा पर हिंदी और अंग्रेजी में एक-एक नारा लिखा था।

### महिला जज का यौन उत्पीड़न का आरोप

# सीजेआई ने इलाहबाद हाई कोर्ट से स्थिति रिपोर्ट की तलब

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तैनात एक महिला न्यायिक अधिकारी के एक जिला न्यायाधीश पर यौन उत्पीड़न का आरोप के मामले में देश के प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जांच की स्थिति पर इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। महिला न्यायिक अधिकारी ने सीजेआई को दो पन्नों का एक पत्र लिखकर उसकी बाराबंकी में पदस्थापना के दौरान उसके साथ हुई बदसलूकी और उत्पीड़न के बाद अपना जीवन समाप्त करने की अनुमति मांगी है। सोशल मीडिया पर यह पत्र प्रसारित हो रहा है, जिसमें लिखा है, मुझे अब और जीने की तमन्ना नहीं है। मैं पिछले डेढ़ साल से जिंदा लाश की तरह हूं। अब मेरे जीवित रहने का कोई उद्देश्य नहीं है। कृपया मुझे मेरा जीवन सम्मानपूर्ण तरीके से समाप्त करने की अनुमति प्रदान करें। कोर्ट के महासचिव ने प्रधान न्यायाधीश के आदेश पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से महिला न्यायिक अधिकारी की शिकायत पर विचार कर रही आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष कार्यवाही की स्थिति के बारे में जानकारी देने को कहा है।



महिला ने पहले शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी, जो न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी।

### संसद में हंगामा: कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

# विपक्ष ने गृह मंत्री पर साधा निशाना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी जोरदार हंगामा किया। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने इस मामले में गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य और चर्चा की मांग की। विपक्ष के सांसद इस मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह के सदन में बयान देने की मांग कर रहे थे। कुछ सदस्य गृहमंत्री शाह के इस्तीफे की मांग भी कर रहे थे। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए तत्काल स्थगित कर दी।



#### सांसद सिम्हा पर कार्रवाई की मांग

कुछ विपक्षी सदस्य भाजपा के सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग कर रहे थे। जिनके हस्ताक्षर से मिले 'पास' पर संसद भवन में प्रवेश करने वाले दो युवक बुधवार को लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे।

#### निलंबित सांसदों का संसद में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इन सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष और संसद भवन के मुख्य द्वार के निकट धरना दिया। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी निलंबित सांसदों के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

## पधारो सा...



***नई दिल्ली।*** *ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक शुक्रवार को भारत की यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। इस दौरान हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन।*

### विधि मंत्री ने लोकसभा में बताया


# देश की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में लंबित 80,000 मामले शामिल हैं। यह जानकारी शुक्रवार में लोकसभा को दी गई।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि एक दिसंबर तक देश की विभिन्न अदालतों में 5,08,85,856 मामले लंबित थे, जिनमें सभी 25 उच्च न्यायालयों में लंबित 61 लाख से अधिक मामले शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 1,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है।



#### कहां कितने मामले लंबित

| कोर्ट | मामले |
|---|---|
| सुप्रीम कोर्ट | 80,000 |
| हाई कोर्ट | 61 लाख |
| जिला व अधीनस्थ कोर्ट | 4.46 लाख |

#### कॉलेजियम के प्रस्तावों पर विचार

न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम द्वारा भेजे गए 123 प्रस्तावों में से 81 सरकार के स्तर पर प्रक्रिया के विभिन्न चरण में हैं। विधि मंत्री मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी बताया कि शेष 42 प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के विचाराधीन हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शेष 201 रिक्तियों के संबंध में उच्च न्यायालय के कॉलेजियम से सिफारिशें अभी नहीं मिली हैं। विधि मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, एक दिसंबर को 25 उच्च न्यायालयों के लिए 1,114 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या में से 324 रिक्तियां थीं।

#### अदालतों के द्वार हमेशा खुले रहें: जस्टिस कौल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें न्याय का मंदिर हैं और इसके द्वार वादियों के लिए हमेशा खुले रहने चाहिए क्योंकि कोई आम नागरिक जब शीर्ष अदालत तक पहुंचता है तो वह मुकदमा लड़ते-लड़ते काफी थक चुका होता है। न्यायाधीश कौल 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### राहुल का हार्वर्ड के छात्रों से संवाद

# भारतीय छात्रों के लिए समान अवसर पर जोर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह के साथ संवाद किया और इस बात पर जोर दिया कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ाई लड़ने को प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक भारतीय छात्र को वैश्विक दूत बनने के लिए आवश्यक अनुभव और अवसर मिले। छात्रों के साथ बातचीत के बाद राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, छात्र भारत के बारे में कई विषयों को लेकर उत्सुक थे। मसलन, सत्तावाद का उदय और लोकतांत्रिक राजनीति के लिए चुनौतियां, चीन द्वारा उत्पन्न भू-राजनीतिक चुनौतियां और एआई जैसी नई प्रौद्योगिकी के विषय। छात्रों के साथ कांग्रेस नेता की मुलाकात शुक्रवार को दिल्ली में हुई। राहुल ने छात्रों के साथ अपनी बातचीत की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, मैंने दूसरों को सुनने की शक्ति और भारत की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं पर अपने विचार स्पष्ट किए।



### जयपुर ज्वेलरी शो: गुलाबी नगरी में 22 से 25 तक जुटेंगे देश-विदेश के जूलरी विशेषज्ञ

# रत्नों, आभूषणों और डायमंड्स की आभा में एमरल्ड का तड़का



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी में एक बार फिर रत्नों, आभूषणों और डायमंड्स की आभा बिखरेगी। देश-विदेश के जूलरी विशेषज्ञ भी जयपुर शहर में होंगे, क्योंकि बी2बी व बी2सी शो-'जयपुर ज्वलैरी शो' का आयोजन 'एमराल्ड... योर स्टोन, योर स्टोरी' थीम पर शहर के सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में 22 से 25 दिसंबर तक होगा। जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने कहा कि यह संस्करण पहले से ज्यादा बड़ा होगा, क्योंकि हर साल बूथ्स की संख्या बढ़ती जा रही है और इस बार भी सैकड़ों से ज्यादा वेटिंग है।

उन्होंन कहा कि 2003 में एंटरटेनमेंट पैराडाइज (ईपी) में 67 स्टॉल्स के साथ शुरुआत में उत्साहजनक प्रतिक्रिया, संवाद और उत्सुकता मिली थी। 2004 में लंबी छलांग देखेने को मिली और जेजेएस में 189 बूथ लगाए गए। 2005 में वेन्यू को राजमहल पैलेस में स्थानांतरित किया गया, जहां 276 स्टॉल थीं। 2006 में बूथों में 308 की वृद्धि देखी गई, 2007 में 354, 2008 में 357, 2009 में 372 बूथ, 2010 में 413 बूथ, 2011 में 451, 2012 में 464, 2013 में 456 तो 2022 में 902 बूथ्स हो गए। अब अपने 21वें वर्ष में करीब 1100 बूथ्स की मेजबानी करने जा रहा है।





### कॉस्ट्यूम व सिल्वर आर्टिकल्स भी देख सकेंगे

जेजेएस सचिव राजीव जैन ने कहा कि 2003 में रश्मिकांत दुर्लभजी ने जेजेएस की शुरुआत की थी। इस बार 318 बूथ्स जेम स्टोन्स की होंगी तो 660 बूथ्स पर ज्वैलरी प्रदर्शित की जाएंगी, जबकि 13 पर कॉस्ट्यूम व सिल्वर आर्टिकल्स प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा अन्य बूथ्स अलाइड मशीनरी और पब्लिकेशंस के होंगे।

### 67 प्रतिशत डिजाइनर्स स्टाल

ऐसा नहीं है कि सिर्फ वहां सामान्य स्टॉल्स में जूलरी प्रदर्शित की जाती है। शो में इस बार ज्वैलरी सेक्शन में लगभग 67 प्रतिशत डिजाइनर बूथ्स होंगी, जिनको शो रूम की तरह तैयार किया जाता है और ये कई दिनों की मेहनत से बनाई जाती हैं। दूसरी ओर 6 इंटरनेशनल एग्जीबिटर्स भाग लेंगे, जिनमें 3 हांगकांग, 2 बैंकॉक और 1 श्रीलंका से होगा।

### बी2बी के लिए पिंक क्लब

पिंक सिटी के नाम पर नया एक्सक्लूसिव बी2बी ट्रेडर्स पवेलियन 'पिंक क्लब'बनाया जा रहा है, जो ज्यादा स्पेस के साथ हॉल 2 होगा। क्लब में 80 प्री-फैब्रिकेटेड बूथ्स होंगे और केवल बी2बी ग्राहक ही पवेलियन में जा सकते हैं।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा बत्रा लगाएंगी चार चांद

जेजेएस प्रवक्ता अजय काला व जेजेएस वाईस चेयरमैन दिनेश खटोरिया ने बताया कि थीम एमराल्ड... योर स्टोन, योर स्टोरी लेकर आया है। एमरल्ड को बढ़ावा देने के लिए 15 सदस्यों का ग्रुप एमरल्ड प्रमोशन ग्रुप के रूप में बनाया गया है, जिसमें जेम फील्ड्स प्राइम एमराल्ड प्रमोशन पार्टनर है। दूसरी ओर थीम से जुड़ी गतिविधियां आयोजित हुईं, जिसमें इस वर्ष की ब्रांड एंबेसडर अभिनेत्री पूजा बत्रा का मॉडल फोटो शूट किया गया।

## जन मंगल का शुभारंभ, एक महीने तक चलेगा अभियान



**बेधड़क. जयपुर।** महाप्रज्ञ सेवा प्रकल्प के तहत गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित 30 दिवसीय जन मंगल अभियान की शुरुआत की गई। समिति सदस्य विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि 14 जनवरी तक आयोजित जन मंगल अभियान के तहत बाड़ा पदमपुरा में संचालित पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय में ट्रस्ट प्रबंध ट्रस्टी शासन सेवी डॉ. नरेश कुमार मेहता-नीरु मेहता द्वारा ने शुरुआत की। इस मौके पर श्रीजैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अध्यक्ष हिम्मत डोसी, समाजश्रेष्ठी गणपत मेहता, संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष अम्बिका सेठी, सचिव रेखा पाटनी, निवर्तमान अध्यक्ष मैना जैन, सम्यक-छवि मेहता सहित चिकित्सकों व संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सहभागिता की। इससे पहले सुबह भगवान पदमप्रभू के दर्शन लाभ व सामूहिक आरती कर पुण्यार्जन किया गया। लोकार्पण समारोह में पुण्यार्जक नरेश-नीरु मेहता, सम्यक-छवि मेहता सहित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चाकसू हनुमान मीना, श्रीजैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अध्यक्ष हिम्मत डोसी, समाजश्रेष्ठी गणपत मेहता, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो अध्यक्ष अम्बिका सेठी, सचिव रेखा पाटनी, निवर्तमान अध्यक्ष मैना जैन अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' कार्यक्रम का पोस्टर जारी



**बेधड़क. जयपुर।** शहर में रविवार को आयोजित होने वाले बॉलीवुड के गीतों से सराबोर कार्यक्रम 'सुनहरे गीत और कुछ यादें'का पोस्टर जारी किया गया। आयोजक संस्था संकल्प कल्चरल सोसायटी के परिसर में हुए कार्यक्रम में संस्था संस्थापक व चेयरमैन राजेश शर्मा, अध्यक्ष श्याम बजाज और क्रिएटिव डायरेक्टर जया शर्मा सहित बड़ी संख्या में मौजूद सदस्यों ने पोस्टर लॉन्च किया और इसी के साथ सुनहरी यादों की ताजगी का काउंट डाउन शुरू हुआ। गुलाबी रंग को प्राथमिकता देते हुए पोस्टर में कार्यक्रम के स्टार आर्टिस्ट और बॉलीवुड गोल्डन एरा के तीन मशहूर कलाकारों बेला सुलाखे, मधुरा दातार और श्याम राज के फोटो दर्शाए गए हैं। कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम में रविवार शाम 6:15 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुंबई के कलाकारों के अलावा जयपुर के राजेश शर्मा, जया शर्मा, राजश्री सेमंत, जय शर्मा, अनिल शर्मा, किशोर सरावगी, सतीश जैन, डॉ. साकेत माथुर, सरिता काला और हेमंत सोंखिया सुपर हिट गीत पेश करेंगे।

## City इवेंट्स

### भक्तों ने खेली फूलों की होली



**बेधड़क, जयपुर।** टोंक रोड बीलवा मानपुर नांगल्या स्थित श्रीराधासरल बिहारी मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में फूल होली महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने होली खेल रहे बांके बिहारी... बांके बिहारी को देख छटा मेरे मन है गयो लटा-पटा... जैसे भजन सुनाए। आयोजक सरला गुप्ता, रजनीश गुप्ता व दीपिका गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नाचते रहे। इस अवसर पर भागवत कथा में आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि जीवन में कितना भी धन ऐश्वर्य की सम्पन्नता हो, लेकिन यदि मन में शांति नहीं है तो व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता। श्रीसुदामा के जीवन में धन की कमी थी, निर्धनता थी, लेकिन वह स्वयं शांत ही नहीं परम शांत थे। सुदामा हमेशा सुखी जीवन जी रहे थे, क्योंकि उनके पास प्रभुनाम रूपी धन था। धन की तो उनके जीवन में न्यूनता थी, परन्तु नाम धन की पूर्णता थी। हमेशा भाव से ओत प्रोत होकर प्रभु नाम में लीन रहते थे। आर्चाय ने सुदामा प्रसंग पर सार तत्व बताते हुए समझाया कि समाज में सम्मान अमीरी से नहीं ईमानदारी और सज्जनता से प्राप्त होता है।

### जयरंगम में कलाकारों ने दिए संदेश



**बेधड़क, जयपुर।** नाटकों के साथ दिल छू लेने वाली महफिल-ए-जयरंगम ने सुखद एहसास से सराबोर किया और कलाकार वेदी सिन्हा और सुमंत बालकृष्ण ने सुरीले गीत सुनाए। अभिनेता मकरंद देशपांडे व शायर राजेश रेड्डी दर्शकों से रूबरू हुए। इस दौरान कृष्णायन में चैताली दास और तीर्था भट्ट के निर्देशन में 'वह लड़कियों वाला नाटक' का मंचन किया गया। शीर्षक की तरह नाटक महिलाओं के जीवन पर आधारित है और मुखर होकर उनके हक में आवाज उठाता है। महिला जो पत्नी, बहन-बेटी और मां भी है। जिम्मेदारियों के निर्वहन में उसे यह भूलने पर मजबूर कर दिया जाता है, कि वह एक इंसान भी है। दूसरी ओर रंग-संवाद में 'भारतीय रंगमंच की युवा पीढ़ी: पुनर्परिभाषित प्रयोग और जुड़ाव' विषय पर चर्चा करते हुए निर्देशक चिन्मय मदान, मूमल तंवर और सुरुचि शर्मा ने भाव जाहिर किए। तीनों ने नाटकों में किए जा रहे प्रयोगों, प्रासंगिकता और चुनौतियों पर चर्चा की। रंगायन में राजेश सिंह के निर्देशन में ब्लैक बॉर्ड लैंड नाटक खेला गया। इसे काज हिमेलस्टुप ने लिखा है। कहानी तीन पात्रों जॉन, याना और एक सैनिक के इर्द-गिर्द घूमती है।

### सीए विशेषज्ञों के बीच छाया रहा एआई

## नए अवसर और उच्च स्तरीय टेक्नोलॉजी पर किया जागरूक



**बेधड़क | जयपुर**

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और वित्तीय विशेषज्ञों के वर्तमान मुद्दों पर विचार-विमर्श और निर्देशन पर चर्चा की गई। साथ ही नई जानकारियां साझा हुईं तो कॉन्सेप्ट क्लीयर हुए। मौका था दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर ब्रांच की ओर से 4 दिवसीय सेमिनार का। जयपुर ब्रांच अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और वित्तीय विशेषज्ञों को विभिन्न क्षेत्रों में नए दृष्टिकोण, नए अवसर और उच्च स्तरीय टेक्नोलॉजी के बारे में जागरूक करना था।

विशेषज्ञों ने कई विषयों पर चर्चा की, जिसमें राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2022। योजना पर चर्चा कर वक्ता ने विभिन्न उद्यमियों और व्यवसायियों को राजस्थान में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए एआई टूल्स की उपयोगिता और महत्व को समझाया, जिनसे वे अपने काम को बेहतर बना सकें और वित्तीय प्रबंधन में अधिक कुशलता प्राप्त कर सकें। टैली प्राइम में एडवांस्ड टूल्स सत्र में टैली प्राइम में एडवांस्ड टूल्स का उपयोग के बारे में बताया। आयकर तलाशी और जब्ती की कार्यवाही विषय पर विशेषज्ञों ने आयकर तलाशी और जब्ती की प्रक्रिया को समझाया और उससे जुड़े मुद्दों पर विचार व्यक्त किए।

### आचार्य सौरभ का इंजीनियर्स कॉलोनी में मंगल प्रवेश

## नवीन जिनालय का किया गया भूमि पूजन, स्थापित की शिलाएं



**बेधड़क | जयपुर**

न्यू सांगानेर रोड की इंजीनियर्स कॉलोनी दिगंबर जैन चेत्यालय में आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। आचार्यश्री ने त्रिवेणी नगर स्थित जैन मंदिर से विहार यात्रा प्रारंभ कर हुए स्वर्ण गार्डन पर प्रवेश किया, जहां इंजीनियर्स कॉलोनी जैन समाज और कमल चंद तारा देवी छाबड़ा परिवार ने अगवानी की। यहां से जुलूस का रूप देकर जैन चेत्यालय में मंगल प्रवेश संपन्न कराया। आचार्य सौरभ सागर ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए और फिर मंत्रोच्चारण के साथ जिनालय की नींव स्थापना संपन्न कराई।

पं. धर्मचंद शास्त्री के निर्देशन में जिनालय स्थापना पूजन करा कलश स्थापना हुई। राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष जैन पांड्या, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, संरक्षक राजेंद्र बड़जात्या, प्रवक्ता मयंक जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा अध्यक्ष प्रदीप जैन लाला, वरुण पथ अध्यक्ष एमपी जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, मंत्री ज्ञान बिलाला, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन खेड़ली वाले, सीए मनीष जैन, सपन जैन, रवि जैन, गौरव जैन, अनिल जैन, इंजीनियर्स कॉलोनी जैन चेत्यालय संस्थापक सदस्य मनीष छाबड़ा आदि ने भाग लिया।

**JIFF-2024** जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल की दूसरी लिस्ट जारी

## 14 देशों का प्रतिनिधित्व, प्रदर्शन के लिए 62 फिल्में सलेक्ट

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल (जिफ) में इस बार कई बेहतरीन फिल्में देखने और उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा। इसके लिए नामांकित फिल्मों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी गई है। 16वें जिफ-2024 के लिए पहली सूची में दुनिया भर से 29 देशों की 157 फिल्मों को स्थान मिला था और दूसरी सूची में 14 देशों की 62 फिल्मों का चयन हुआ है। जिफ में भारत से 35 और 14 देशों से 27 फिल्मों को सलेक्ट किया गया है।





### इंटरनेशनल को-प्रोडक्शन मीट का होगा आयोजन

फेस्टीवल 9 से 13 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान फिल्मों स्क्रीनिंग के साथ इंटरनेशनल को-प्रोडक्शन मीट, वर्कशॉप, सेमिनार्स और सेलिब्रेटी मीट्स का आयोजन खास होगा।

### इस तरह है फिल्मों का चयन

5 श्रेणियों में चयनित फिल्मों में 18 फीचर फिक्शन फिल्म, 10 डॉक्यूमेंट्री फीचर, 30 शॉर्ट फिक्शन, 2 शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री, 2 शॉर्ट एनिमेशन फिल्म और 3 स्टूडेंट्स फिल्म्स शामिल हैं।







### राजस्थान से तीन फिल्मों का चयन

ध्रुव सोलंकी द्वारा निर्देशित इट्स ऑल इन योर हेड, बत्ती-ए बॉय वू ड्रीमट ऑफ इलेक्ट्रीसिटी, राजस्थानी में जिगर मदनलाल नागदा द्वारा निर्देशित और वीरा राजस्थानी में दिनेश राजपुरोहित द्वारा निर्देशित है।

### फिल्मों में कुछ खास

अरबी, अंग्रेजी में द गोट का निर्देशन इटली के इलारिया बोरेली ने किया है तो जापानी में सैप्पी का निर्देशन जापान के शुसेई उएदा ने किया है और भारत से चयनित फिल्मों में तेलुगु में संतोष काटा द्वारा निर्देशित प्रेमा विमानम, तेलुगु में अजय भूपति द्वारा निर्देशित मंगलावरम, कन्नड़ में सुधीर अट्टावर द्वारा निर्देशित मृत्योर्मा, उड़िया में सुभ्रांसु दास द्वारा निर्देशित पुष्करा, मलयालम में जोश द्वारा निर्देशित किर्कन और हिंदी में श्रीजीतपॉल द्वारा निर्देशित बैंडिट किंग्स खास हैं।

हारने का डर कभी भी जीतने की उम्मीद पर हावी ना होने पाए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



**बीजिंग के पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में चांगपिंग लाइन पर हुई दुर्घटना**

# भारी हिमपात के बीच रेल हादसा
# 515 यात्री घायल



**एजेंसी** | बीजिंग


चीन की राजधानी बीजिंग में भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए। घायलों में से 102 लोगों की हड्डियां टूट गई हैं। यह हादसा बीजिंग के पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में गुरुवार शाम को चांगपिंग लाइन पर हुआ।

शहर के परिवहन प्राधिकरण ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा कि पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गई। पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पाई और वह फिसल गई।

आपात चिकित्सा कर्मी, पुलिस और परिवहन प्राधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रात करीब 11 बजे तक सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 25 यात्री निगरानी में हैं और 67 यात्री अस्पताल में भर्ती बताए जा रहे हैं।

### उत्तरी चीन में बर्फीला तूफान

बीजिंग में बुधवार को असामान्य रूप से भारी हिमपात शुरू हो गया। इससे कुछ ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ा और स्कूल बंद करने पड़े। शहर में और हिमपात की चेतावनी दी गई है। रात भर पारा शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। उत्तरी चीन में आए बर्फीले तूफान से अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



**नए आतंकी समूह 'अंसारुल जिहाद' ने ली हमले की जिम्मेदारी**

# फिर दहला पाक... आतंकी हमले में 5 जवानों की मौत

**एजेंसी** | पेशावर

उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय और एक नाके पर हुए आतंकवादी हमले में पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इन घटनाओं में चार आतंकवादी भी मारे गए। हमले की जिम्मेदारी एक नए आतंकवादी समूह 'अंसारुल जिहाद' ने ली है। तीन दिन पहले, इसी क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गई थी।

अधिकारियों के मुताबिक पहला हमला खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में पुलिस लाइन पर हुआ। हमले में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि चार आतंकवादी भी मारे गए।

एक आतंकवादी ने पुलिस कार्यालय और आवास ब्लॉक के मुख्य द्वार पर खुद को उड़ा लिया और अन्य आतंकवादी अंदर घुस गए।

एक अन्य हमले में, आतंकवादियों ने खैबर आदिवासी जिले के नल्ला बारा तहसील में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया। इसमें दो सैनिक मारे गए। हमले में छह लोग घायल भी हुए हैं।




### तीन दिन पहले TJP ने किया था हमला

यह हमला तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के तीन दिन बाद हुआ है। टीजेपी के हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गई थी, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए थे। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे आतंकी संगठन टीजेपी का हाथ रहा है।

## ईरान में पुलिस स्टेशन पर अटैक, 11 की मौत

**एजेंसी** | दुबई

ईरान में अलगाववादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने दक्षिण-पूर्वी ईरान के एक थाने पर रात में हमला कर दिया। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के उप गवर्नर अली रजा मरहेमती ने कहा कि तेहरान से करीब 1400 किमी दूर रस्क कस्बे में देर रात दो बजे हुए इस हमले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मी मारे गए। पुलिस ने मुठभेड़ में कई हमलावरों को मार गिराया।




सरकारी टेलीविजन की खबर में हमले के लिए अलगाववादी समूह जैश अल-अद्ल को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसी समूह ने 2019 में एक आत्मघाती बम हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड फोर्स के 27 सदस्य मारे गए थे। पिछले कुछ महीनों में ईरान के सुन्नी समुदाय के प्रभुत्व वाले इलाके में उग्रवादियों और छोटे अलगाववादी समूहों ने सरकार के खिलाफ अपने विद्रोह के तहत थानों पर हमले किए हैं।


**वैज्ञानिकों की खोज**

# 4000 साल पुराना 'काला सोना' खोजा

**एजेंसी** | रोम

वैज्ञानिकों ने समुद्र के नीचे करीब 130 फीट की गहराई में काला सोना खोज निकाला है। पाषाण युग के दौरान समुद्र में यात्रा करने वाले 4,000 साल पुराने एक जहाज के बिखरे मलबे से ये काला सोना मिलने का दावा किया गया है। दरअसल वैज्ञानिकों को कुछ खास किस्म के टुकड़े मिले हैं, जो ओब्सीडियन (ठंडे लावा से बनने वाला कांच) से बने हैं। ओब्सीडियन का उपयोग कटिंग टूल्स बनाने के लिए किया जाता रहा है। हजारों साल पुराने जहाज की मलबे से ये टुकड़े इटली के कैपरी में खोजे गए हैं।

इन टुकड़ों को ही वैज्ञानिक काला सोना का कह रहे हैं। खोजकर्ताओं को उम्मीद है कि इस खोज से कैपरी और भूमध्य सागर में प्राचीन जीवन के बारे में काफी अहम जानकारी मिल सकती है। पाषाण युग का काला सोना कहा जाने वाला ओब्सीडियन लावा के बहुत तेजी से जमने से बनता है। इन विशेष टुकड़ों को नेपल्स पुलिस की पानी के नीचे की इकाई ने समुद्र तल से 130 फीट नीचे और कैपरी की प्रसिद्ध समुद्री गुफा ग्रोटा बियांका के पास खोजा है। इन अवशेषों की रिकवरी के लिए एक मिशन नवंबर में लॉन्च किया गया था, जिसमें 8 किलोग्राम ओब्सीडियन कोर का पता चला। पानी के नीचे के पुरातत्वविदों ने कहा है कि टुकड़े की सतह पर छेनी और शिल्प कौशल के भी निशान मिले हैं।



### सफाई का काम होगा शुरू

वैज्ञानिकों ने बताया है कि समुद्र की गहराई से मिले काले सोने के इन टुकड़ों की सफाई कर इसका जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जिससे ज्यादा जानकारी हासिल हो सके। इस मिशन की सफलता ने वैज्ञानिकों को समुद्र तल का अधिक व्यापक सर्वेक्षण करने के लिएभी प्रेरित किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर खोज की जाए तो मुमकिन है कि उन्हें जहाज का कोई हिस्सा या उसमें ले जाया गया कोई अन्य सामान भी मिल सकता है। समुद्र से कुछ और मिलता है तो ये कैपरी और भूमध्य सागर में प्राचीन जीवन के बारे में शोधकर्ताओं की समझ को बढ़ाने का काम करेगा।

**इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट बोले...**

# अब भी हमास की तबाही में लगेंगे कई महीने

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने लंबे समय तक युद्ध चलने का अनुमान जताते हुए कहा कि हमास को तबाह करने में कई महीने लगेंगे। उनका यह बयान तब आया है जब इजराइल और उसके शीर्ष सहयोगी अमेरिका पर गाजा में तबाही को लेकर अंतरराष्ट्रीय रूप से अलग-थलग पड़ने का दबाव बढ़ गया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने गाजा में बड़ी लड़ाई खत्म करने की समय सीमा पर चर्चा करने के लिए हाल में इजराइली नेताओं से मुलाकात की। इजराइली नेताओं ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के लिए आतंकवादी संगठन को खत्म करने तक सैन्य हमला जारी रखने का संकल्प दोहराया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने हताहतों की संख्या कम करने में इजराइल की नाकामियों और गाजा के भविष्य के लिए उसकी योजनाओं को लेकर असहजता दिखाई है, लेकिन साथ ही व्हाइट हाउस हथियार भेजकर इजराइल की पूरी मदद कर रहा है। गैलेंट ने कहा कि हमास एक दशक से अधिक समय से गाजा में सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है और उन्हें खत्म करना आसान नहीं है। इसमें वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यह कई महीनों तक चलेगा, लेकिन हम जीतेंगे और हम उन्हें खत्म कर देंगे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl